हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 24 मई 2024

तापमान
अधिकतम 40.4 डिग्री
न्यूनतम 25.7 डिग्री

# एक आधार, एक गैस कनेक्शन, केवाईसी के दौरान 200 कनेक्शन ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक परिवार में एक आधार पर अब सिर्फ एक गैस कनेक्शन ही उपभोक्ता को मिल रहा है। एक से अधिक कनेक्शन ऑटोमेटिक ब्लॉक हो जा रहे हैं। केंद्र सरकार की उज्ज्वला योजना शुरू होने के बाद गैस कंपनियों ने भी नया साफ्टवेयर तैयार किया है। इसके तहत अब एक आधार पर एक परिवार को सिर्फ एक गैस कनेक्शन ही मिल रहा है। एक परिवार में एक से ज्यादा कनेक्शन को साफ्टवेयर ऑटोमेटिक लॉक कर देता है। इसके कारण दूसरे कनेक्शन से सिलेंडर रीफिलिंग की बुकिंग होना भी बंद हो गई है। सूत्रों के अनुसार केवाईसी के दौरान जिलेभर में दो सौ से अधिक कनेक्शन ब्लॉक हो चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा संख्या उज्ज्वला योजना के तहत लिए गैस कनेक्शन हैं।

खाद्य विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में करीब 8 लाख गैस कनेक्शन कार्डधारक हैं। इनमें करीब तीन लाख सामान्य और साढ़े पांच लाख से ज्यादा उज्ज्वला कनेक्शनधारी हैं। ▶▶|शेष पेज 11 पर

अलग खबर

### 31 मई तक कराना होगा केवाईसी

केवाईसी कराना हर उपभोक्ता के लिए जरूरी है। केवाइसी की शुरुआत में यह चर्चा थी कि उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी पाने वालों को ही कराना है, लेकिन बाद में इसे सभी उपभोक्ताओं के लिए कर दिया गया है। शुरुआत में केवाईसी कराने की अंतिम तारीख भी निर्धारित नहीं की गई थी, लेकिन अब 31 मई 2024 तक कराना अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि देश के कई राज्यों में अभी भी लाखों की संख्या में गैस उपभोक्ताओं ने केवाईसी नहीं कराया है। इसे देखते हुए अंतिम तारीख आगे बढ़ने की संभावना भी बनी हुई है।

### नए साफ्टवेयर में नई व्यवस्था, कनेक्शन ब्लाक के साथ बुकिंग भी बंद



### केवाईसी नहीं कराने वालों की बढ़ सकती है परेशानी

प्रत्येक गैस कनेक्शन उपभोक्ता को केवाईसी कराना अनिवार्य है। इसके तहत गैस एजेंसियों में अपने कार्ड का सत्यापन कराने के साथ बायोमेट्रिक प्रणाली अंतर्गत उनकी अंगुलियों के फिंगरप्रिंट भी लिए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि निर्धारित समय पर केवाईसी नहीं कराने वालों को आगामी दिनों में रीफिलिंग के लिए बुकिंग न होना, कनेक्शन ब्लॉक होना आदि परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

### केवाईसी के दौरान दूसरा कनेक्शन हो रहा ऑटोमेटिक ब्लॉक

जिले में एचपी, इंडियन, भारत, इंडेन सभी कंपनियों के करीब 38 गैस एजेंसियां हैं। इन सभी एजेंसी के कनेक्शन धारकों को कार्यालय में जाकर केवाईसी कराना अनिवार्य किया है, जिसके तहत उपभोक्ता केवाइसी भी करा रहे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार जिले में अब तक लगभग 70-80 प्रतिशत कनेक्शन धारकों ने केवाइसी करा लिया है। केवाईसी कराने के दौरान परिवार के किसी भी एक सदस्य के आधार पर एक कनेक्शन का ही केवाईसी हो रहा है। उस सदस्य के आधार या परिवार के दूसरे सदस्य के आधार पर दूसरा कनेक्शन दिखाते ही वह ऑटोमेटिक ब्लॉक हो जा रहा है।

**दो कनेक्शन ले सकता है परिवार पर सब्सिडी एक का मिलेगा**

अगर परिवार में सदस्यों की संख्या ज्यादा है, इसके अनुसार उस परिवार को दो कनेक्शन की जरूरत पड़ती है, तो वह आवेदन देकर दो कनेक्शन ले सकता है, पर सब्सिडी का लाभ एक कनेक्शन का ही मिलेगा।

- **अमित कुमार**, जिला अधिकारी एचपी गैस

**एक से अधिक कनेक्शन हो रहे ब्लॉक**

जिले में गैस एजेंसियों में केवाईसी का काम चल रहा है। एक आधार व एक परिवार में एक से ज्यादा कनेक्शन मिलने पर ऑटोमेटिक ब्लॉक हो जाता है। जिलेभर में कई कनेक्शन ब्लॉक हो चुके हैं, जिसका आंकड़ा गैस एजेंसियों से अभी नहीं मिल पाया है।

- **अरविंद दुबे**, जिला खाद्य नियंत्रक

## खबर संक्षेप

### फर्जी ऋण पुस्तिका से जमानत, गिरफ्तार



**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने फर्जी ऋण पुस्तिका से जमानत लेने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। आरंग, पिस्दा निवासी अरुण यादव को फर्जी ऋण पुस्तिका से जमानत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में अरुण जेठूराम के नाम से फर्जी ऋण पुस्तिका पेश कर आरोपी की जमानत लेने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान पुलिस ने अरुण को मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया।

### महिला की चेन खींचकर भागा बदमाश

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना में एक महिला ने अज्ञात के खिलाफ पता पूछने के बहाने उसके गले से 30 हजार रुपए कीमत की सोने की चेन छीनकर भागने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महावीर नगर निवासी ऊमा गुरुवाणी ने चेन स्नेचिंग की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि बुधवार देर शाम अपने मुंह में मास्क बांधे बाइक सवार युवक उसके पास पहुंचा और एक कागज में लिखे मंदिर का पता पूछने लगा। पता बताने के दौरान बाइक सवार बदमाश महिला के गले से चेन छीनकर फरार हो गया।

### महादेव घाट समेत भाठागांव और काठाडीह एनीकट के डेंजर जोन में बच्चे नदी में बेखौफ कर रहे हैं मस्ती

# एनीकट को बनाया वाटर पार्क, पिकनिक जैसा माहौल

# ऐसी ही धमाचौकड़ी के बीच हफ्तेभर में गई दो की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

राजधानी के एनीकट के डेंजर जोन को शहर के युवाओं ने वाटर पार्क बना दिया है। तेज गर्मी में राहत पाने के बहाने यहां हर दिन बड़ी संख्या में युवा नहाने पहुंच रहे हैं। इसमें ऐसे युवा भी शामिल हैं, जिन्हें तैरना भी नहीं आता। सुबह 8 से दोपहर 12 और फिर शाम 4 से 6 बजे तक युवाओं का बड़ा समूह यहां पहुंच रहा है। आलम यह है कि एनीकट में मेले की तरह एक साथ दर्जनों गाड़ियां खड़ी रहती हैं। एक तरफ से दूसरी ओर जाना भी मुश्किल है। एनीकट में बीते 12 दिनों में 2 लड़कों की मौत खारुन एनीकट में डूबने से हुई है, जिसके बाद भी प्रशासन ने सुरक्षा के इंतजाम दुरुस्त नहीं किए हैं। रोजाना युवा एनीकट में जानलेवा डुबकी लगा रहे हैं।

### गहरे पानी में कर रहे मौज-मस्ती

हरिभूमि ने गुरुवार को डेंजर कहे जाने वाले एनीकट की पड़ताल की, जहां महादेव घाट और भाठागांव, काठाडीह स्थित एनीकट पर युवाओं के साथ बच्चे नहाते व मस्ती करते हुए नजर आए। दोनों जगह वर्तमान में एनीकट में काफी पानी है। तेज बहाव में कई मौतें भी हो चुकी हैं। प्रशासन खारुन नदी में हादसों को रोकने के लिए बारिश के दिनों में घाट और एनीकट पर पुलिस बल तैनात करता हैए लेकिन अभी किसी भी तरह का सुरक्षा इंतजाम नहीं है। तेज गर्मी में पर्यटक भी एनीकट के नीचे उतरकर खतरा मोल लेते हुए सेल्फी और तस्वीरें लेते दिखते हैं। यह लापरवाही जानलेवा भी साबित हो सकती है।

**केस 1**

**भाठागांव एनीकट,** समय 12.30 बजे

हरिभूमि टीम भाठागांव और काठाडीह एनीकट पहुंची। दोनों एनीकट डेंजर जोन में हैं। इसके बावजूद यहां लोगों को एनीकट और नदी में जाने से रोकने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। जान जोखिम में डालकर लोग लापरवाही से आ-जा रहे हैं। बच्चे बहाव के बीच घंटों मस्ती करते नजर आते हैं।


**केस 2**

**महादेव घाट एनीकट,** दोपहर 2 बजे

महादेव घाट में जहां खतरे के निशान के पास रेलिंग लगाई गई है। उसके पार जाने की सख्त मनाही है। रविवार को उसी रेलिंग को पार कर खतरे वाली जगह पर दोपहर को कई घंटों तक बच्चे नहाते रहे, लेकिन कोई समझाइश देने वाला नहीं था। नहाने वालों में आठ-नौ साल के बच्चे भी शामिल थे।



- सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने से नहाने वालों की बढ़ रही भीड़
- लगातार दो मौत के बाद भी प्रशासन और यहां आने वालों ने गलती से नहीं लिया सबक



### डेंजर जोन में बच्चे कर रहे उछलकूद


भाठागांव और महादेव घाट स्थित एनीकट से पानी के तेज बहाव के बावजूद बच्चे व युवा छलांग लगाते नजर आए। मना किए जाने के बावजूद बच्चों ने पानी के साथ मस्तीबाजी रोकी नहीं। गोताखोरों ने बताया कि खारुन नदी में 20 फीट तक गहराई होती है। कहीं-कहीं पानी का ठहराव होने के कारण भंवर की स्थिति बन जाती है। एनीकट के पास भंवर का खतरा सबसे ज्यादा होता है। उस हिस्से के 10-15 मीटर के एरिया में बड़े तैराक भी जाने से कतराते हैं। नदी में नहाने वाले कुशल तैराकों को भी इस क्षेत्र में जाने से मना किया जाता है, लेकिन वर्तमान में इसी जगह पर बच्चे व युवा मस्ती करते हुए नहा रहे हैं।

### पांच साल में गई 45 की जान

खारुन के एनीकट पर होने वाली मौतों के आंकड़े हर साल बढ़ने लगे हैं, लेकिन व्यवस्था में कोई सुधार होता नहीं दिखाई दे रहा है। बीते पांच साल में भाठागांव और महादेव घाट एनीकट पर 45 से अधिक मौत हो चुकी हैं, जिसमें सबसे अधिक मौतें बरसात के मौसम में ही होना बताई जा रही हैं। प्रत्येक वर्ष लगभग 4 से 6 लोगों ने नदी में तेज बहाव से बने गहरे मौत के कुंए में फंसकर जान गंवाई है।

# कलेक्टोरेट बिल्डिंग के तीसरे माले में शराबखोरी, खिड़कियों से झांक रही बोतलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर







छत्तीसगढ़ की राजधानी का कलेक्टोरेट की बिल्डिंग में सफाई का अभाव तो है ही, इस बिल्डिंग में अब लोग नशाखारी भी करने लगे हैं। बिल्डिंग के थर्ड फ्लोर को नशेड़ियों ने शराब पीने का अड्डा बना लिया है। नशा करने के बाद नशेड़ी शराब की खाली बोतलें बिल्डिंग की खिड़कियों पर ही छोड़कर चले जाते है।

- नशेड़ियों ने बना लिया शराब पीने का अड्डा

कलेक्टोरेट का पूरा परिसर नशा प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित है। इसके बावजूद कलेक्टोरेट स्थित तीन मंजिला बिल्डिंग के तीसरे फ्लोर पर लोग शराब का सेवन करने लगे हैं। शराब का सेवन करने के साथ लोग शराबखोरी का यहां सबूत के रूप में शराब की खाली बोतलें भी छोड़कर जाते हैं। ये बोतलें कई बार बिल्डिंग के तीसरे फ्लोर की खिड़कियों में पड़ी मिली हैं। सूत्र का कहना है कि शराब का सेवन ऑफिस टाइम में नहीं, बल्कि शाम को छुट्टी के बाद दफ्तरों के खाली हो जाने के बाद होता है।

### जर्दायुक्त गुटखा व सिगरेट

कलेक्टोरेट परिसर में डेली नीड्स व पान ठेला की दुकान भी संचालित है। इन दुकानों में खुलेआम जर्दायुक्त गुटखा और सिगरेट बेचा जाता है। इसके कारण इन दुकानों के आसपास, कृषि विभाग कार्यालय के पास, रजिस्ट्री दफ्तर के पास, गार्डन में लोग खुलेआम जर्दायुक्त गुटखा और सिगरेट का सेवन करते रहते हैं, जिसके कारण ▶▶|शेष पेज 11 पर

### गेट बंद होने से पहले या....

बिल्डिंग के तीसरे फ्लोर पर शराब की खाली बोतलें मिलने से यह तय है कि लोग बिल्डिंग के खुले रहते हुए यहां शराब का सेवन करते हैं। शाम को छुट्टी होने के बाद अधिकारियों-कर्मचारियों के घर लौटने के करीब एक-दो घंटे बाद ही बिल्डिंग के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया जाता है। दिनभर बिल्डिंग के कर्मचारियों का आना- ▶▶|शेष पेज 11 पर

**चुनाव अधिकारी को मिली मतदाता सूची**

# सराफा चुनाव का रास्ता अब साफ जून में वोटिंग संभव



दो साल अतिरिक्त होने के बाद भी सराफा चुनाव होने के आसार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन का अंततः दो साल विलंब से चुनाव होने का रास्ता साफ हो गया है। अब जाकर मुख्य चुनाव अधिकारी मगेलाल मालू को मतदाता सूची सौंपी गई है। अब सूची मिलने के बाद चुनाव कराने की तैयारी की जा रही है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद अगले माह कभी भी चुनाव होंगे। एक-दो दिनों में चुनाव की तिथि भी घोषित कर दी जाएगी।

सराफा एसोसिएशन के चुनाव को लेकर बीते छह माह से विवाद चल रहा है। इस साल 7 जनवरी को रायपुर में आमसभा कराई गई थी। इसमें भारी घमासान के बाद अंत में तय किया गया था कि पांचों संभाग से एक-एक चुनाव अधिकारी बनाकर एक माह में चुनाव कराया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इधर पांच संभागों के चुनाव अधिकारियों के स्थान पर थोक में सहायक चुनाव अधिकारी बनाने के बाद विवाद खड़ा हो गया। इसी के साथ कई संस्थाओं को मतदाता सूची से भी बाहर कर दिया गया। इसको लेकर बिलासपुर एसोसिएशन ने मोर्चा खोला। बाद में आपसी समझौते के बाद तय किया था कि अप्रैल में चुनाव कराएं जाएंगे। लेकिन लोकसभा चुनाव को लेकर इसको टाल दिया गया। इसके बाद अचानक चुनाव अधिकारी को जारी किए गए पत्र को लेकर विवाद सामने आया। इस बार फिर से बिलासपुर सराफा ▶▶|शेष पेज 11 पर

### मिली मतदाता सूची

लगातार चुनाव कराने के लिए जनवरी के बाद से तिथि घोषित करने की बात होती रही लेकिन अब तक तिथि घोषित नहीं हो सकी है, लेकिन अब जाकर मुख्य चुनाव अधिकारी को एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल बरड़िया और अन्य पदाधिकारियों ने मतदाता सूची सौंपी है। श्री मालू ने बताया मतदाता सूची मिलने के बाद अब चुनाव कराने की तैयारी चल रही है।

### 19 अड्डेबाज, नशेड़ियों के खिलाफ कार्रवाई



**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने एसएसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे निजात अभियान के तहत अपने क्षेत्र की सार्वजनिक जगहों पर नशा करने वाले 19 नशेड़ियों तथा अड्डेबाजों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा के तहत कार्रवाई की है। गिरफ्तार लोगों को पुलिस ने एसडीएम कोर्ट में पेश किया। पकड़े गए लोगों को पुलिस ने नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। इसके बाद सभी ने एसडीएम कोर्ट में नशे से दूर रहने की बात कही।

### चोरी के आरोप में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने चोरी के आरोप में एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दोपहिया तथा मोबाइल जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक चोरी के आरोप में संजय उर्फ गोलू नेताम को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस गिरफ्त में आए संजय के खिलाफ एक दर्जन से ज्यादा चोरी के अपराध दर्ज हैं। संजय ने चार माह पूर्व रायपुरा में रूद्रदेव कुमार के यहां चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

### पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**



## खबर संक्षेप

### आज से बनरसी में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ

**आरंग।** ग्राम बनरसी में 24 से 26 मई तक पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ वार्षिक उत्सव समारोह एवं संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रथम दिवस मंगल कलश यात्र, संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा, द्वितीय दिवस संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा, भव्य दीप महायज्ञ व तृतीय दिवस पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, देव पुजन, विभिन्न संस्कार एवं पूर्णाहुति व टोली की विदाई होगी।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश आज जाएंगे हिमाचल

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के प्रचार के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हिमाचल प्रदेश जाएंगे। शुक्रवार को रायपुर से दिल्ली रवाना होंगे। वहां से चंड़ीगढ़ पहुंचेंगे। यहां से कार से हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन पहुंचेंगे। यहां पर रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं के साथ बैठक कर चुनाव प्रचार की रणनीति बनाएंगे।

### प्रेस क्लब में नारद जयंती समारोह आज

रायपुर। स्व. मधुकर खेर स्मृति भवन प्रेस क्लब में शुक्रवार को आद्य पत्रकार महर्षि नारद मुनि की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि के कुलपति बल्देव भाई शर्मा, विशिष्ट अतिथि राजेश जोशी, प्रदीप जोशी, मनोज बघेल शामिल होंगे। प्रेस क्लब कार्यकारिणी ने सभी सदस्यों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### अमलीडीह जोन कार्यालय में नेत्र जांच शिविर आज

**रायपुर।** सभी निगम कर्मचारी-अधिकारियों के लिए 24 मई को जोन कार्यालय अमलीडीह में नेत्र और दंतरोग निदान शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक जारी रहेगा। यह जानकारी जोन आयुक्त रमेश जायसवाल ने देते हुए बताया कि शिविर में डॉ. मनीष एस. श्रीवास्तव, अमृता वर्मा, रवि गोयल अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस शिविर का आसपास के लोग लाभ उठाएं।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों को मिला नियुक्ति पत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सदन कैलाशपुरी स्थित समाज कार्यालय में गुरुवार को सर्व ब्राह्मण समाज शहर कार्यकारिणी की संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में विप्रनगर और अम्लेश्वर परिक्षेत्र के उपस्थित समाजसेवियों को शहर में कई पदों पर नियुक्त किया गया, जिसमें सचिव चंद्र कुमार शर्मा, संगठन सचिव नरेंद्र कुमार चौबे, अरविंदधर दीवान, प्रचार सचिव शिवेशधर दीवान, कैलाश कुमार, दयानंद मिश्रा, सांस्कृतिक मंच सचिव विनीत दुबे को चुना गया। इसी दौरान समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्तिपत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### तीन दिवसीय उर्स पाक 26 से

**रायपुर।** हजरत सैय्यद चांद शाह वली रहमतुल्लाह अलैह तीन मजार नाके वाले बाबा का उर्स पाक 26, 27 और 28 मई को बड़े ही शानो-शौकत से मनाया जाएगा। 26 मई को शाम 4 बजे असर की नमाज के बाद आस्ताने से संदल चादर निकाली जाएगी, जो शहर का गश्त करते हुए मजार शरीफ पहुंचेगी। बाद नमाज मगरिब चादरपोशी की रस्म अदा की जाएगी। दुआ-खैर के बाद तबरुक तकसीम किया जाएगा। इसी दिन बाद नमाज ईशा इमरान अशरफी साहब और कारी मोहम्मद तौकीर मियां जामई और अन्य उलेमाओं की तकरीर होगी।

### दाना, सकोरा और कोटना वितरण आज

**रायपुर।** सामाजिक संस्था बढ़ते कदम द्वारा लाखेनगर में 24 मई को निशुल्क दाना, सकोरा एवं कोटना वितरण का किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। इस संबंध में संस्था के प्रोजेक्ट प्रभारी प्रेमप्रकाश मध्यानी और अजय वलेचा ने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी का प्रकोप अपने चरम पर है, जिस प्रकार हम सब गर्मी में परेशान होते हैं, पशु-पक्षी भी जरूर होते होंगे।

# फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण को पांच साल बीता, नहीं लगी लाइट, पड़ने लगी दरारें

## सासाहोली रेलवे केबिन के पास बने फ्लाईओवर ब्रिज में आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

काफी जद्दोजहद के बाद सासाहोली रेलवे केबिन के पास फ्लाई ओवर ब्रिज एवं अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया। जिसका 6 मार्च 2019 में उद्घाटन किया गया। निर्माण के बाद से ही यह फ्लाई ओवर ब्रिज व अंडर ब्रिज विवादों में रहा है। बहुत ही घटिया तरीके से इसका निर्माण किया गया है। निर्माण के बाद 5 साल बीत गए हैं, फ्लाईओवर ब्रिज में लाइट नहीं लगी है, साथ ही बीच-बीच से यह फ्लाईओवर ब्रिज उखड़ गया है, जिसकी भी कोई सुध लेने वाला नहीं है। मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति कर छोड़ दी जाती है। बीच-बीच में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे भी हो चुके हैं, जिसके चलते आए दिन इस फ्लाई ओवर ब्रिज में कई छोटी- बड़ी घटना व दुर्घटना हो चुकी है एवं कई लोगों की जाने भी जा चुकी है, इसके बावजूद भी जिम्मेदारों की नींद नहीं खुल रहीं। वहीं लोकसभा चुनाव आचार संहिता के पहले पूरे देश में वर्चुअल माध्यम से अंडर ब्रिज व फ्लाई ओवर ब्रिज सहित रेलवे के कई अन्य कार्यों का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया गया। जिसमें तुलसी तिल्दा में अंडरब्रिज का शिलान्यास भी कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। जहां पर राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित हुए थे। भाजपाइयों व लोगों ने उनको उक्त फ्लाईओवर ब्रिज की कहानी बताई जहां वे फ्लाई ओवर ब्रिज का जायजा लेने आए और उसकी हालत देखकर वे भी हैरान हो गए।



### आज तक फ्लाई ओवर ब्रिज की मरम्मत नहीं

वहीं राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने रायपुर डीआरएम को फोन कर तत्काल फ्लाई ओवर ब्रिज के मरम्मत की बात भी कही। लेकिन आज तक उक्त फ्लाईओवर ब्रिज की मरम्मत नहीं हो पाई है। फ्लाईओवर ब्रिज बहुत ही जर्जर स्थिति में महज 5 साल में ही पहुंच चुकी है। फिर भी ना तो रेलवे की नींद खुल रही है और नाही जिम्मेदारों की।

## लापरवाही : धरसींवा तहसील के सारागांव उप तहसील कार्यालय का है मामला

# नवीन तहसील कार्यालय में दो-दो नायब तहसीलदार, 10 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं


हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

धरसींवा तहसील के अंतर्गत उप तहसील सारागांव में 2-2 नायब तहसीलदारों के नियुक्ति को लेकर मामला सुलझाने का नाम नहीं ले रहा है। अब इसकी शिकायत रायपुर संभाग आयुक्त से की गई है । जहां आयुक्त ने 13 मई को कलेक्टर को ज्ञापन जारी कर नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए कहां गया है। लेकिन 10 बीतने के बाद भी इस मामले में कलेक्टर द्वारा विधिवत कार्रवाई नहीं किया गया है। ज्ञात हो कि इस नवीन तहसील कार्यालय सारागांव में एक नायब तहसीलदार कि स्वीकृत है। लेकिन यहां दो दो नायब तहसीलदारों नियुक्ति कर दी है । जिसे लेकर मामला गर्म है।




### कार्य विभाजन में भी भेदभाव का आरोप

*रायपुर एसडीएम ने नायब तहसीलदार अमन चतुर्वेदी को आठ हल्का दिया गया है। वहीं राजेंद्र चंद्राकर को तीन हल्का दिया गया है। जबकि राजेंद्र चंद्राकर धरसींवा तहसील कार्यालय में एक साल तक नायब तहसीलदार के रूप में कार्य कर चुके हैं। जिसे मात्रा तीन हल्का दिया गया है। जबकि इस छोटे से नवीन तहसील में दो-दो नायब तहसीलदारों की जरूरत ही नहीं है।*



***यह है पूरा मामला –*** *लोकसभा चुनाव के आचार संहिता लगने से पहले तहसीलदार तथा नायब तहसीलदारों की स्थानांतरण किया गया। इसी के चलते सारागांव उप तहसील कार्यालय में 7 फरवरी को कार्यालय कलेक्टर वित्त शाखा अपर कलेक्टर आदेश जारी करते हुए सारागांव के नायब तहसीलदार अमन चतुर्वेदी को रायपुर तहसील कार्यालय में भेजा गया। संलग्न जिला निर्वाचन कार्यालय से राजेंद्र चंद्राकर को नायब तहसीलदार के रूप में सारागांव में स्थानांतरण किया गया था। नायब तहसीलदार राजेंद्र चंद्राकर सारागांव में पद ग्रहण कर लिया था । लेकिन रायपुर तहसील में अमन चतुर्वेदी रिलीव नहीं किया। जबकि रायपुर एसडीएम ने कलेक्टर के आदेश का पालन नहीं किया उल्टे रायपुर ने एसडीएम 16 मार्च को दोनों नायब तहसीलदारों के बीच में कार्य विभाजन करने करने का आदेश जारी कर दिया था।*

# डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण कार्य बंद होने से ग्रामीण चिंतित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ग्राम कोसमखुंटा से चरौदा मार्ग डब्ल्यूबीएम सडक निर्माण को अचानक 20 मई से फिर बंद कर दिया गया है। सरपंच, सचिव व जनपद पंचायत के कर्मचारी व अधिकारियों की मनमानी के कारण फिर एक बार ग्रामीण व किसान इसको लेकर चिंतित है। चुंकि सड़क मनरेगा मद का है। जांच दिनांक 18 अप्रैल को एसडीओ आरईएफ हरीश साहू शिकायतकर्ता के शिकायत को सही पाते हुए सरपंच को कार्य स्थल से गिट्टी हटाकर वहां मुरम डालकर गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाने का निर्देश दिए व उक्त सड़क निर्माण कार्य अपने देखरेख में कराने हेतु ग्रामीणों को आश्वासन दिए, परंतु 35 दिन बाद कार्य स्थल से न तो गिट्टी हटा व न ही हरीश साहू निरीक्षण के लिए आए। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। वहीं 24 मई को ग्रामवासी एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मण्डल आरंग एसडीएम को ज्ञापन सौप मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग को विभिन्न निर्माण कार्यों के मामलों एवं सरपंच के द्वारा की गई अनियमितता के संबंध में चर्चा करेंगे। उक्त जानकारी ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष चंद्रहास साहू ने दी।

# एकता का शांतिकुंज हरिद्वार में सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

शांतिकुंज हरिद्वार में 21 एवं 22 मई को भारतीय ज्ञान परीक्षा राष्ट्रीय प्रावीण्य छात्र प्रतिभा परिष्कार का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुंरा की छात्रा सगुनी निवासी एकता वर्मा पिता देवेंद्र कुमार वर्मा ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा कक्षा छठवीं में पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। यह परीक्षा अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री परिवार के द्वारा देश के 22 राज्यों सहित छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में आयोजित किया गया था। जिसमें एकता वर्मा को शांतिकुंज हरिद्वार शिविर में शेफाली पण्ड्या दीदी निर्देशिका गायत्री विद्यापीठ व प्रमुख महिला मंडल शांतिकुंज हरिद्वार के हाथों सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के छत्तीसगढ़ प्रमुख रामपाल तिवारी सहित छात्र छात्राएं व पालक गण उपस्थित थे।



# गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ

**तिल्दा नेवरा।** गायत्री परिवार के आव्हान पर आज पूरे भारत देश में एवं विदेशों में भी एक कुंडी गृहे- गृहे गायत्री महायज्ञ का आयोजित किया गया। यह महायज्ञ सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित किया गया।

जहां पर लाखों घरों में यह महायज्ञ किया गया, तिल्दा नेवरा के गायत्री मंदिर सहित लोगों ने अपने अपने घरों में उक्त गायत्री महायज्ञ का आयोजन कर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर यज्ञ में शामिल हुए। इस महायज्ञ से पर्यावरण संरक्षण, देव परिवार निर्माण, वातावरण का प्रतिशोधन, बुद्धि का तीव्र विकास, संस्कारों की पुर्नस्थापना, समर्थ राष्ट्र निर्माण, समग्र स्वास्थ्य, वैचारिक उत्कृष्ठा, सकारात्मक ऊर्जा संवर्धन, मानोचित गुणों का विकास, आत्मविश्वास का अभ्युदय आदि के विकास हेतु किया गया। तिल्दा नेवरा शहर व छेत्र में काफी उत्साह के साथ लोग इस महायज्ञ में शामिल हुए।

# नगर पंचायत कूंरा में बढ़ी चोरी की वारदातें, पुलिस गश्त पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसीवां / कूंरा

- धरसीवां अन्तर्गत आने वाले गांवों में कई अज्ञात चोर लाखों की चोरी कर फरार

धरसीवां थाना के ठीक करीब में जुड़े नगर पंचायत कूंरा में चोरी का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इससे पता चलता है कि पुलिस अपने कामों में सतर्कता नहीं दिखा रहे हैं। विधान सभा धरसीवां अन्तर्गत आने वाले गांवों में कई अज्ञात लोगों के द्वारा चोरी कर फरार हो गए हैं। पीड़ितों का लाखों गए पर धरसीवां पुलिस अज्ञात चोरों को पकड़ ही नहीं सकी।

वहीं पुलिस गश्त पर भी सवाल उठे रहे हैं। मिली जानकारी अनुसार गत दिवस 22 मई को किसी अज्ञात चोरों के द्वारा कुंरा नगर के वार्ड 13 स्थित आंगन बाड़ी केंद्र क्रमांक 12 में अज्ञात चोरों के द्वारा 50 किलो चांवल, 1 गैस सिलेंडर, 1 प्लास्टिक बाल्टी, 3 किलो राहर दाल चोरी कर ले गए हैं। इस मामले की जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को पड़ोसियों के माध्यम से पता चला। उनके द्वारा वस्तु स्थिति देखे जाने के बाद थाने में लिखित दर्ज कराई गई।



**केस 1**

*उसी केंद्र में 8, 2 व 21 को और चोरी का हो गया था। जिसकी रिपोर्ट थाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा लिखित दर्ज कराया गया था।*

**केस 2**

*हाल ही में लोकसभा चुनाव के दौरान चनाव को निष्पक्ष एवं हूड़ंगियो की पूर्ण जानकारी जाने जाने के लिए कुरा के समस्त बूथ केंद्रों में चुनाव आयोग के द्वारा आसामाजिक तत्वों की जानकारी के लिए बूथ केंद्रों में चुनाव के 1 दिन पहले सीसी कैमरा लगाया गया था उसे भी अज्ञात चोरों के द्वारा उड़ा ले गया था।*

**केस 3**

*नगर कुंरा के वार्ड 5 निवासी मालती धीवर व रामावतार धीवर के सुने घर से चरौदा मेला के उपरांत सोने चांदी एवं नगदी पैसे कुल 50 हजार की अधिक की राशि चारी अज्ञात चोरों के द्वारा किया गया था। धरसीवां थाने के अंतर्गत होने वाले कई अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी व आरोपियों को लंबे समय से नहीं पकड़े जाने के मामले पर पूछे जाने पर थाना प्रभारी शिवेंद्र राजपूत ने कहा की हमारे साथ मेरे टीम अज्ञात चोरों की पता लगाने एवं उसे पकड़ने नियमित हर गांवों की दौरा कर रहे है। चोरी चाहे जैसे भी हो आरोपियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा और बड़ी कार्यवाही की जाएगी।*

# कलेक्टर की तत्परता से बुजुर्ग महिला को मिला इलाज

**रायपुर।** रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की तत्परता से एक बुजुर्ग महिला का इलाज संभव हो पाया है। महिला को सी-मार्ट के पास बीमार अवस्था में देखा गया था। एक समाजसेवी ने इसकी जानकारी कलेक्टर को दी। इसके बाद उन्होंने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देते हुए बुजुर्ग महिला को संजीवनी 108 एम्बुलेश की मदद से मेकाहारा भिजवाया, जहां



डाक्टरों ने भर्ती कर तत्काल उसका इलाज शुरू कर दिया है। बताया गया है कि बुजुर्ग महिला का नाम सकून दुबेदी है जो ग्राम पुरी धमतरी की रहने वाली है। वह लकवाग्रस्त है। महिला यहां कैसे पहुंची, उसका कोई है कि नहीं, इसके बारे में पता लगाया जा रहा है।

## रायखेड़ा विद्यालय में समर कैंप आयोजित

# बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखारने का यह उचित अवसर : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

शासन के निर्देशानुसार स्वामी आत्मानंद हिंदी व अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायखेड़ा में प्राथमिक विद्यालय, मिडिल एवं हायर सेकंडरी स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से समर कैंप का आयोजन किया। समर कैंप 21 मई से 1 जून तक सुबह 7:30 बजे से 9:30 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें अलग-अलग दिवस पर विभिन्न कौशलों पर बच्चों को मोटिवेशन कराया जायेगा। वहीं प्रभारी प्राचार्य जीके वर्मा ने कहा कि बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखारने का यह उचित अवसर होता है। जो की बहुत ही स्वागत योग्य है। शिक्षा वह विभाग द्वारा हर गतिविधियों को संचालित कर बच्चों को लाभान्वित करने के लिए सतत प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में नितिन अग्रवाल, मनोज गिलहरे, यशवंत कुमार वर्मा, संकुल समन्वयक तुलसीराम साहू, चंद्रकला वर्मा, टीपी नायक, महेंद्र कुमार वर्मा, ममता शर्मा, सुषमा चंद्रवंशी की सहभागिता रही।



### विभिन्न गतिविधियों का कराया जा रहा अभ्यास

*जिसमें प्रथम दिवस श्रद्धा हेड़ाऊ चित्रकला, द्वितीय दिवस सरिता वर्मा, नितिन अग्रवाल योगा एवं मेडिटेशन, तृतीय दिवस गीतांजलि धुर्वे, मयंक वर्मा कैरम एवं खेल, चतुर्थ दिवस अन्नू वर्मा प्रतिभा चंद्रवंशी डांस एवं गायन, पंचम दिवस जितेंद्र वर्मा द्वारा मोटिवेशन स्पीच, षष्ठम दिवस मोती सिंह ध्रुव, बाबू लाल बंजारे मिट्टी एवं क्राफ्ट, सप्तम दिवस निक्की अग्रवाल साइंस मॉडल, अष्टम दिवस ज्योति कश्यप मेंहदी, रंगोली,निबंध, नवम दिवस नीलम वर्मा, अंजलि मिरानी पेंटिंग, दशम दिवस श्रूचि पांडे कढ़ाई, बुनाई। तथा ग्यारहवे दिवस स्मृति दबड़घाव, रवीना देवांगन स्पोकन इंग्लिश आदि करवाया गया।*

# रामायण व्याख्यान प्रशिक्षण शिविर 26 को

**आरंग।** मां कौशल्या जिला मानस संघ रायपुर के आदेशानुसार एवं संचेतक राजेन्द्र चंद्राकर, संतोष तिवारी के मार्गदर्शन एवं सीताराम यादव, परमानंद जलक्षत्री, अवध विश्वकर्मा, लक्ष्मी साहू, भुवन साहु, टोकेश साहू अशोक साहू एवं हीरालाल साहू आरंग क्षेत्र के रामायण मंच संयोजनकर्ताओं के सौजन्य से गायत्री मंदिर आरंग में 26 मई को सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक एक दिवसीय श्रीरामचरित मानस व्याख्यान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रखा गया है। आयोजन में अंचल के सभी मानस मंडलियों के व्यख्याकारो को सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया गया है। व्याख्यान प्रशिक्षक के रुप में मानस मर्मज्ञ शत्रुघन सिन्हा, श्यामलाल तारक, नारायण वर्मा, कृष्णकुमार साहू, प्रभुलाल सिन्हा होंगे, जो श्रीराम चरित्र मानस के पावन प्रसंगों पर अपनी गहन, मनन, चिंतन, शोध व अनुभव के द्वारा अपनी प्रभावशाली वक्तव्य तथा प्रखर वाणी से जन–जन में मानस का प्रचार करने वाले प्रशिक्षण में उपस्थित मानस के जिज्ञासु रसिक जनों तथा प्रशिक्षार्थियों को लाभान्वित करेंगे। इसमें गांव व शहर स्तर पर आयोजित रामायण के अयोजन में अपनी प्रस्तुति प्रदान करने वाले मंडलियों के व्याख्याकार गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित श्री रामचरित मानस की गहराइयों तथा शास्त्रें के अनुकूल टीका, व्याख्या करने की सही शिक्षा तथा गुणों को बड़ी ही सहजता से समझ व सीख सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश आज जाएंगे हिमाचल



रायपुर। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के प्रचार के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हिमाचल प्रदेश जाएंगे। शुक्रवार को रायपुर से दिल्ली रवाना होंगे। वहां से चंड़ीगढ़ पहुंचेंगे। यहां से कार से हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन पहुंचेंगे। यहां पर रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं के साथ बैठक कर चुनाव प्रचार की रणनीति बनाएंगे।

### प्रेस क्लब में नारद जयंती समारोह आज

रायपुर। स्व. मधुकर खेर स्मृति भवन प्रेस क्लब में शुक्रवार को दोपहर 1 बजे आद्य पत्रकार महर्षि नारद मुनि की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि के कुलपति बल्देव भाई शर्मा, विशिष्ट अतिथि राजेश जोशी, प्रदीप जोशी, मनोज बघेल शामिल होंगे। प्रेस क्लब कार्यकारिणी ने सभी सदस्यों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### अमलीडीह जोन कार्यालय में नेत्र जांच शिविर आज

रायपुर। सभी निगम कर्मचारी-अधिकारियों के लिए 24 मई को जोन कार्यालय अमलीडीह में नेत्र और दंतरोग निदान शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक जारी रहेगा। यह जानकारी जोन आयुक्त रमेश जायसवाल ने देते हुए बताया कि शिविर में डॉ. मनीष एस. श्रीवास्तव, अमृता वर्मा, रवि गोयल अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस शिविर का आसपास के लोग लाभ उठाएं।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों को मिला नियुक्ति पत्र



रायपुर। छत्तीसगढ़ सदन कैलाशपुरी स्थित समाज कार्यालय में गुरुवार को सर्व ब्राह्मण समाज शहर कार्यकारिणी की संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में विप्रनगर और अम्लेश्वर परिक्षेत्र के उपस्थित समाजसेवियों को शहर में कई पदों पर नियुक्त किया गया, जिसमें सचिव चंद्र कुमार शर्मा, संगठन सचिव नरेंद्र कुमार चौबे, अरविंदधर दीवान, प्रचार सचिव शिवेशधर दीवान, कैलाश कुमार, दयानंद मिश्रा, सांस्कृतिक मंच सचिव विनीत दुबे को चुना गया। इसी दौरान समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्तिपत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### तीन दिवसीय उर्स पाक 26 से

रायपुर। हजरत सैय्यद चांद शाह वली रहमतुल्लाह अलैह तीन मजार नाके वाले बाबा का उर्स पाक 26, 27 और 28 मई को बड़े ही शानो-शौकत से मनाया जाएगा। 26 मई को शाम 4 बजे असर की नमाज के बाद आस्ताने से संदल चादर निकाली जाएगी, जो शहर का गश्त करते हुए मजार शरीफ पहुंचेगी। बाद नमाज मगरिब चादरपोशी की रस्म अदा की जाएगी। दुआ-खैर के बाद तबरुक तकसीम किया जाएगा। इसी दिन बाद नमाज ईशा इमरान अशरफी साहब और कारी मोहम्मद तौकीर मियां जामई और अन्य उलेमाओं की तकरीर होगी।

### दाना, सकोरा और कोटना वितरण आज

रायपुर। सामाजिक संस्था बढ़ते कदम द्वारा लाखेनगर में 24 मई को निशुल्क दाना, सकोरा एवं कोटना वितरण का किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। इस संबंध में संस्था के प्रोजेक्ट प्रभारी प्रेमप्रकाश मध्यानी और अजय वलेचा ने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी का प्रकोप अपने चरम पर है, जिस प्रकार हम सब गर्मी में परेशान होते हैं, पशु-पक्षी भी जरूर होते होंगे। हमारे पास तो संसाधन हैं और हम अपने लिए स्वयं व्यवस्था कर सकते हैं, लेकिन पशु-पक्षी अपना दर्द किससे कहें।

# सरकारी सप्लाई में व्यापारियों, ठेकेदारों की टैक्स चोरी पकड़ेगा ई-कोष सॉफ्टवेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सरकारी विभागों को सामान सप्लाई करने वाले सप्लायरों, व्यापारी, ठेकेदारों और सेवा प्रदाताओं ने अगर अब जीएसटी की चोरी करने का प्रयास किया तो वे पकड़े जाएंगे। सरकार ने इस काम के लिए जीएसटी रजिस्ट्रेशन को राज्य सरकार के ई कोष सॉफ्टवेयर से जोड़ दिया है। इस साफ्टवेयर के माध्यम से अब ये पता लगाना आसान होगा कि सप्लायर, व्यापारी, ठेकेदार और सेवा प्रदाता फर्जी या निलंबित जीएसटी नंबर के आधार पर टैक्स चोरी तो नहीं कर रहे हैं। इस संबंध में राज्य सरकार के वित्त विभाग ने केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 एवं छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 51 के प्रावधानों के अनुसार शासकीय विभागों द्वारा की जाने वाले सामग्री खरीदी एवं सेवा प्राप्ति पर प्रदायकर्ताओं को तथा ठेकेदारों को किये जाने वाले भुगतान पर स्रोत पर कर की कटौती (जीएसटी-टीडीएस) के प्रावधानों का कड़ाई से पालन निर्देश दिए गए हैं। यही नहीं अब सरकार के अधिकारियों कर्मचारियों को ई कोष से जीएसटी नंबर की जांच के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

## अब से पहले नहीं होती थी जीएसटी नंबर की जांच

### बिल का भुगतान करने के पहले ही जांच

वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी कोषालयों, उप कोषालयों, निर्माण विभागों, वन विभाग के भुगतान प्राधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा वस्तु एवं सेवा प्रदाय के भुगतान संबंधी प्रस्तुत देयकों में प्रदायकर्ताओं की जीएसटीआईएन को चिन्हांकित करने की व्यवस्था की जाए तथा देयकों के भुगतान के पूर्व यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रदायकर्ता द्वारा दिया गया जीएसटीआईएन वर्तमान में सक्रिय वैध हो। बताया गया है कि यह काम कोषालय के ई कोष सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए जीएसटीएन रजिस्ट्रेशन को ई कोष के साथ इंटीग्रेट किया गया है। ये साफ्टवेयर बताएगा कि व्यापारी, सप्लायर, ठेकेदार या सेवा प्रदाता द्वारा दिया गया जीएसटी नंबर सही है या फर्जी, वर्तमान में चालू है या निलंबित।

### हर जीएसटी नंबर की जांच, रेवेन्यू लीकेज रुकेगा

इस संबंध में संचालक कोष लेखा एवं पेंशन महादेव कावरे ने बताया कि अब सप्लायरों, ठेकेदारों, व्यापारियों या सेवा प्रदाता द्वारा जो भी बिल प्रस्तुत किया जाएगा उसकी जांच संबंधित विभाग के आहरण एवं संवितरण अधिकारी करेंगे उसके बाद ही बिल आगे बढ़ पाएगा। यह सिस्टम संचालित करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक तीन दिनों का ऑनलाईन प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसमें संभागीय स्तर के अधिकारियों के साथ आहरण एवं संवितरण अधिकारी शामिल हैं। श्री कावरे ने बताया कि अब जिस विभाग द्वारा भी टैक्स की कटौती की जाएगी उसकी राशि अगले माह की 10 तारीख तक जमा करनी होगी। ऐसा होने से राज्य सरकार को मिलने वाले राजस्व का लीकेज रुकेगा। इससे पहले होता ये था कि व्यापारी,सप्लायर, ठेकेदार जो भी जीएसटी नंबर डालते थे, उसे ही मान्य किया जाता था, उसकी जांच का कोई सिस्टम नहीं था। पर अब ऐसा नहीं होगा। हर जीएसटी नंबर की वैधता की जांच अनिवार्य रूप से की जाएगी।

### ढाई लाख से अधिक के पेमेंट पर इतना टैक्स

वित्त विभाग द्वारा समस्त विभाग अध्यक्ष राजस्व मंडल, कमिश्नरों, विभागाध्यक्षों और कलेक्टरों को इस संबंध में जारी निर्देशों में कहा गया है कि शासकीय विभाग या स्थापना, स्थानीय प्राधिकारी, शासकीय अभिकरण, शासन के किसी भी डीडीओ द्वारा (किसी कराधेय वस्तु या सेवा हेतु) रूपये 2.5 लाख से अधिक भुगतान होने पर, 2 प्रतिशत (1 प्रतिशत सीजीएसटी + 1 प्रतिशत एलजीएसटी अथवा 2 प्रतिशत आईजीएसटी की दर से स्रोत पर कटौती जीएसटी-टीडीएस किया जाना है।

## साय बोले : कोलकाता हाईकोर्ट का निर्णय स्वागतयोग्य

# हाईकोर्ट का निर्णय धर्म आधारित तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों के मुंह पर तमाचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, धर्म आधारित आरक्षण पर कोलकाता उच्च न्यायालय का निर्णय स्वागत योग्य है। यह धर्म आधारित वोट बैंक की राजनीति करने वालों, तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों के मुंह पर तमाचा है। श्री साय ने कहा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन लगातार संविधान की हत्या की साजिश कर रही है। हम सभी जानते हैं कि धर्म आधारित आरक्षण का भारतीय संविधान में कोई स्थान नहीं है।



कल कोलकाता उच्च न्यायालय का इससे संबंधित एक फैसला आया है, जिसमें कोर्ट ने 2010 के बाद पश्चिम बंगाल में जारी किए गए सभी धर्म आधारित ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द कर दिया है। यह देश के ओबीसी, आदिवासी और तमाम पिछड़े समाजों के लिए बड़ा फैसला है। श्री साय ने कहा, ये फैसले बताते हैं कि ममता बेनर्जी की सरकार गैर-संवैधानिक तरीके से, तुष्टिकरण की नीति को आगे बढ़ा रही थी। इंडी गठबंधन केवल वोट बैंक की राजनीति के कारण लगातार आ दि वा सि यों , पिछड़ों के हक पर डाका डाल रहा है, उनका अधिकार छीन कर मुसलमानों को देना चाहता है, इसकी जितनी निंदा की जाय वह कम है। उन्होंने कहा, इससे भी अधिक गंभीर बात यह है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा है कि वे इस निर्णय को नहीं मानेंगी और लागू नहीं करेंगी। यह बहुत ही दुर्भाग्यजनक है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी लगातार यह स्पष्ट कर रहे हैं कि धर्म आधारित किसी आरक्षण का भारत के संविधान में कोई स्थान नहीं है।

## डिप्टी सीएम बोले - नगरीय निकायों में बने फर्जी जाति प्रमाणपत्रों की कराएंगे जांच

प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा का कहना है, छत्तीसगढ़ के भी नगरीय निकायों में भारी संख्या में फर्जी जाति प्रमाणपत्र बनाए जाने की बात सामने आ रही है। इस मामले में प्रदेश सरकार इसकी पूरी जांच कराएगी। श्री शर्मा ने पश्चिम बंगाल में पांच लाख ओबीसी का प्रमाणपत्र रद्द करने के कोलकाता हाईकोर्ट ने फैसले पर कहा, कोर्ट का फैसला सही है। इसको वहां की सरकार को मानना चाहिए, लेकिन बंगाल की मुख्यमंत्री तो इसको मानने से ही इनकार कर रही हैं।



श्री शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, उनको जानकारी मिली है कि प्रदेश में विगत पांच सालों में प्रदेश के कई नगरीय निकायों में थोक में फर्जी जाति प्रमाणपत्र बनाने का काम किया गया है। इसकी हमारी सरकार जांच कराएंगी और ऐसे प्रमाणपत्रों को रद्द भी किया जाएगा।

### धर्म के आधार पर आरक्षण गलत : अरुण साव

प्रदेश के एक और डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, जिस प्रकार से अनेक राज्यों में कांग्रेस की सरकारों ने मुस्लिम समाज को धर्म के आधार पर आरक्षण दिया, वह आरक्षण पूरी तरह संविधान के विपरीत है। पिछड़ा वर्ग के हितों पर डाका डालकर आरक्षण देने का प्रयास किया जा रहा है। लगातार पिछड़े वर्ग के साथ अन्याय और शोषण करने का काम कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दल करते रहे हैं, कोलकाता उच्च न्यायालय के फैसले से यह बात स्पष्ट हो गई है। श्री साव ने दो टूक कहा, किसी को भी पिछड़ा वर्ग के हितों के साथ खिलवाड़ करने नहीं दिया जाएगा।



### नक्सलियों की पुनर्वास नीति को लेकर कांग्रेस ने उठाए सवाल

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने नक्सलियों की पुनर्वास नीति को लेकर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा, सरकार बताये कि पुनर्वास नीति के लिये सुझाव मांगने से पहले सरकार का नक्सलियों से कोई वार्तालाप हुआ है? सुझाव मांगने के पहले परस्पर विश्वास का वातावरण बनाया जाना चाहिये, सरकार ने क्या ऐसी कोई पहल की है। यदि किया है, तो नक्सलियों की तरफ से क्या कोई जवाब आया? उन्होंने कहा, दोनों पक्षों में नीति बनने तक शांति की पहल पर कोई सहमति बनी है क्या? यदि बनी है, तो सरकार उसको सार्वजनिक करे। सरकार द्वारा मांगे गये सुझाव के दौरान यदि कोई हिंसक वारदात हो गयी, तो उससे निपटने क्या योजना है? सरकार की यह पहल एकतरफा है या दूसरा पक्ष भी इससे सहमत है, सरकार को इसको भी स्पष्ट करना चाहिये। उल्लेखनीय कि सरकार की ओर से नक्सलियों के पुनर्वास के संबंध में नीति बनाने सुझाव मांगे गए हैं।



### हैंडबॉल खिलाड़ी की हत्या पिता ने लगाई न्याय की गुहार



रायपुर। छत्तीसगढ़ के हैंडबॉल के नेशनल प्लेयर सिरान खान 16 वर्ष की हावड़ा में अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। इस मामले में गोलाबारी थाना हावड़ा पश्चिम बंगाल में एफआईआर दर्ज है, लेकिन वहां की पुलिस ने हत्या व अपहरण के मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। यह आरोप लगाते हुए गुरुवार को पिता मो. जावेद खान ने बताया कि मेरा बेटा छत्तीसगढ़ के लिए खेलने गया था। हैंडबॉल खिलाड़ी के पिता श्री खान ने कहा कि उसे लेकर जाने वाले कोच और मैनेजर भी इस प्रकरण में गुमराह करने के लिए दोषी हैं। मेरी शासन से मांग है कि रायपुर में अपराध कायम कर इसकी जांच कराई जाए, क्योंकि पश्चिम बंगाल पुलिस भी कई बार चक्कर लगाने के बाद भी किसी प्रकार का संतोषजनक जवाब नहीं दे रही है। जिस स्थान पर उसकी हत्या हुई, वहां के सीसीटीवी फुटेज को भी गायब किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मृत्यु के सही कारण को स्पष्ट नहीं किया गया है। इसके अलावा प्रकरण को लेकर कोच और मैनेजर सहित जितने खिलाड़ी साथ में गए थे, उन सभी का बयान लिया जाए।

### कलेक्टर की तत्परता से बुजुर्ग महिला को मिला इलाज

रायपुर। रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की तत्परता से एक बुजुर्ग महिला का इलाज संभव हो पाया है। महिला को सी-मार्ट के पास बीमार अवस्था में देखा गया था। एक समाजसेवी ने इसकी जानकारी कलेक्टर को दी। इसके बाद उन्होंने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देते हुए बुजुर्ग महिला को संजीवनी 108 एम्बुलेंश की मदद से मेकाहारा भिजवाया, जहां डाक्टरों ने भर्ती कर तत्काल उसका इलाज शुरू कर दिया है। बताया गया है कि बुजुर्ग महिला का नाम सकून दुबेदी है



जो ग्राम पुरी धमतरी की रहने वाली है। वह लकवाग्रस्त है। महिला यहां कैसे पहुंची, उसका कोई है कि नहीं, इसके बारे में पता लगाया जा रहा है।

## मच्छरों के लार्वा समाप्त करने 10 हजार गंबूजिया मछली छोड़ेगा निगम फागिंग के लिए अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहरवासियों को मच्छरों के डंक से बचाने नगर निगम अब राजधानी सहित आसपास के इलाकों में ठहरे हुये पानी में पनपने वाले मच्छरों के लार्वा को खत्म करने 10 हजार गंबूजिया मछली छोड़ेगा।

नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग इसके लिए फिशरी डिपार्टमेंट को पत्र लिखकर इसकी डिमांड करने की तैयारी में है। इसके साथ ही 10 जोन के 70 वार्डों में जोनवार फागिंग कराने अभियान शुरू किया गया है। नगर निगम ने मच्छरों पर कारगर नियंत्रण के लिए एंटी लार्वा ट्रीटमेंट और फागिंग का कार्य अलग-अलग वार्डों में शुरू किया है।

गुरुवार को जोन 6 के शहीद पंकज विक्रम वार्ड स्थित टैगोर नगर में जैन मंदिर के आसपास फागिंग कराई गई। इसी तरह जोन 1 के यतियतन लाल वार्ड की गंगानगर बस्ती सहित रहवासी इलाकों में फागिंग के लिए टीम भेजी गयी। इसी तरह शहर के अन्य जोन में भी फागिंग कराने रूट तैयार किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर अपर आयुक्त, जोन कमिश्नर और स्वास्थ्य अधिकारी को इसकी मानिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है।



## सरगुजा के तत्कालीन कलेक्टर संजीव झा के खिलाफ जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरगुजा जिले में बांग्लादेशी शरणार्थियों को दिए गए पुनर्वास पट्टे की जमीन को बेचने की थोक में अनुमति के मामले में पूर्व कलेक्टर संजीव झा के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए हैं। पुनर्वास जमीन बेचने की परमिशन देने वाले तत्कालीन कलेक्टर के खिलाफ आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में भी शिकायत की गई है।

शहर से लगे इलाके में पुनर्वास पट्टे की जमीन को थोक में बेचने की अनुमति पूर्व कलेक्टर संजीव झा ने दी है। आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी ने प्रधानमंत्री कार्यालय को इसकी शिकायत की थी। केंद्रीय लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के अवर सचिव रूपेश कुमार ने छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जांच के आदेश दिए हैं। तत्कालीन कलेक्टर संजीव कुमार झा के खिलाफ शिकायत में बताया गया है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में थोक में पुनर्वास भूमि बेचने की अनुमति दी। कदम मंडल की पुनर्वास भूमि को भू-माफिया ने संजीव को मोटी रकम देकर, फर्जी अधिकारपत्र बनाकर और फर्जी हस्ताक्षर कर बिक्री की थी।

### यह था मामला

शिकायत के अनुसार, दिल्ली में रह रहे कदम मंडल के पुनर्वास पट्टे की सुभाषनगर स्थित भूमि खसरा नंबर 223/12, रकबा 0.400 हेक्टेयर भूमि को राहुल गर्ग और अन्य के पास 21 लाख में बिक्री करने का सौदा तय कर अनुमति के लिए कलेक्टर के पास प्रस्तुत किया गया। तत्कालीन कलेक्टर संजीव झा ने एक माह में पुनर्वास भूमि बिक्री के लिए आदेश जारी किया। श्री झा का तबादला कोरबा होने के बाद सभी प्रकरणों में भू-माफिया से मिलीभगत कर अंजाम दिया गया। आधे से अधिक की अनुमति एक दिन 26 मई 2022 को प्रदान की गई।

## मतगणना से पहले सीईओ कंगाले ने राजनांदगांव दुर्ग और महासमुंद में लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने गुरुवार को राजनांदगांव, दुर्ग और महासमुंद का दौरा कर मतगणना की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने तीनों जिला मुख्यालयों में स्ट्रांगरूम में रखे ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मतगणना के लिए तैयार किए जा रहे मतगणना कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने सुव्यवस्थित मतगणना के लिए मतगणना स्थल पर विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने तीनों जिलों में विधानसभावार मतगणना कक्षों, उम्मीदवारों एवं उनके गणना अभिकर्ताओं की बैठक व्यवस्था, प्रवेश पास, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मॉनिटरिंग, मतगणना के दिन वीडियोग्राफी, सुरक्षा व्यवस्था, बैरीकेडिंग, डाक मतपत्रों तथा वीवीपैट पर्ची की गिनती की व्यवस्था, मीडिया सेंटर तथा उद्घोषणा स्थल का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मतगणना हॉल में मोबाइल फोन, आईपैड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेगा। मीडिया प्रतिनिधि मीडिया सेंटर तक मोबाइल ले जा सकते हैं। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों को छोटे-छोटे समूहों में मतगणना कार्य का अवलोकन कराने निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में तीन चरणों में डाले गए वोटों की गिनती आगामी 4 जून को सभी संबंधित जिला मुख्यालयों में होगी।



### स्ट्रांगरूम की सुरक्षा और मॉनिटरिंग का लिया फीडबैक

उन्होंने तीनों जिले में मतगणना स्थलों पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स (एआरओ) से चर्चा कर मतगणना के लिए टेबलों की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने वोटों की गिनती के लिए कंट्रोल यूनिट को स्ट्रांगरूम से मतगणना कक्ष तक लाने और वापस ले जाने की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने स्ट्रांगरूम के बाहर मौजूद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर स्ट्रांगरूम की सुरक्षा व मॉनिटरिंग व्यवस्था तथा मतगणना स्थल पर इंतजामों के संबंध में फीडबैक भी लिया।

## कांजी हाउस में मवेशी को पेटभर दाना-चारा के लाले, गोठान की स्थिति बेहतर

# गोठान-कांजी हाउस में 70 फीसदी मवेशी के मालिक लापता, 30 फीसदी दूध की चिंता में छुड़ाने पहुंचते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के आधा दर्जन इलाकों में नगर निगम द्वारा बनाये गये कांजी हाउस और गोठान में 70 फीसदी मवेशी के मालिक सालों से लापता हैं। सड़क पर मवेशी को छोड़कर एक बार गये, वे दोबारा इसकी खोज खबर करने नहीं पहुंचे, जबकि 30 फीसदी ऐसे भी रहे जो दूध की चिंता में कांजी हाउस और गोठान का ठिकाना ढूंढते मवेशी छुड़ाने पहुंच जाते हैं। चौंकाने वाली बात ये इन 70 फीसदी मवेशी में ज्यादातर बीमार, बूढ़े और दूध न देने वाले मवेशी हैं। साथ ही कुछ सांड और बछड़े को भी कांजी हाउस और गोठान में एक अरसे से रखने की नौबत आई है।

रायपुर नगर निगम द्वारा निगम सीमा क्षेत्र में प्रमुख मार्गो और चौराहों, बाजार क्षेत्रों में सड़क यातायात बाधित कर रहे मवेशियों को पकड़कर आधा दर्जन कांजी हाउस और गोठानों में रखने की व्यवस्था बनाई गई है। इसकी निगरानी पहले निगम मुख्यालय के माध्यम से होती थी, पर बाद में जोन स्तर पर इसकी देखरेख की व्यवस्था की गई।

### गोकुल नगर गोठान के लिए सब्जी मंडी और फल बाजार से मिल रही खुराक



गोकुलनगर गोठान में मवेशियों की देखरेख करने वाली संस्था द्वारा देवपुरी और डूमतराई के फल और सब्जी बाजार से निकलने वाली अनुपयोगी फल, सब्जियों को गाड़ी में भरकर लाती है। यही नहीं, कुछ सब्जी व फल विक्रेता सेवा भाव से भी दान के रूप में स्वस्फूर्त होकर इस कार्य में सहयोग करते हैं। सूत्रों के मुताबिक अटारी और जरवाय के गोठान में भी आसपास के किसानों द्वारा पैरा, भूंसा और चारा समय-समय पर मवेशियों के लिए आहार के रूप में उपलब्ध कराया जाता है। इससे मवेशियों के रखरखाव में सहूलियत होती है।

### ठेके पर संचालन, प्रति पशु औसतन 27 रुपए की दर से भुगतान

नगरनिगम द्वारा शहर के आधा दर्जन इलाकों में बनाये गये गोठान व कांजी हाउस का संचालन ठेके पर दिया गया है। इसमें एक साल के लिए टेंडर जोन स्तर पर करने की व्यवस्था है। सूत्रों के मुताबिक अनुबंधित ठेका एजेंसी को प्रति पशु औसत 27 रुपए की दर से मवेशी के दाना-चारा के लिए राशि का भुगतान किया जाता है। पूर्व में नगर निगम संबंधित जोन के माध्यम से कांजी हाउस की देखरेव व मवेशी के लिए खाना-खुराक की व्यवस्था करता था।

### गोठान और कांजी हाउस की स्थिति पर एक नजर



| गोठान का नाम | मवेशी रखने की क्षमता | वर्तमान में मवेशी की स्थिति |
|---|---|---|
| गोकुल नगर गोठान | 650 | 500 |
| जरवाय गोठान | 200 | 100 |
| अटारी | 350 -400 | 200 |
| फुंडहर | 300 से 350 | 300 |
| लाखे नगर कांजी हाउस | 50 | 30 |
| भाठागांव | 50 | 25 |

### कांजी हाउस की हालत खस्ता, मवेशी को समुचित खुराक नहीं मिल रही

*राजधानी लाखेनगर स्थित नगर निगम के पुराने कांजी हाउस छोटा होने की वजह से बमुश्किल 50 मवेशी रखने की व्यवस्था है। मवेशियों की संख्या ज्यादा होने पर उसे आसपास के गोठान में शिफ्ट कर दिया जाता है। सूत्रों के मुताबिक मवेशी की देखरेख और दाना-चारा की समुचित व्यवस्था नहीं होने से यहां रखे मवेशी कमजोर होने लगे हैं। इस ओर निगम प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। शहर के मध्य स्थित इस कांजी हाउस में काउकेचर के माध्यम से आसपास के इलाकों के मवेशियों की धरपकड़ कर यहां लाया जाता है। इसी तरह भाठागांव का कांजी हाउस भी मवेशियों के हिसाब से छोटा पड़ने लगा है। इसके विस्तार के लिए जोन स्तर पर कोई योजना अब तक नहीं बनाई गई।*

## खबर संक्षेप

### सिंधु भवन में निशुल्क योग शिविर आज

**रायपुर।** योग का स्वस्थ जीवन में काफी अहम योगदान है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पूज्य गुरु मां हंसाजी के मार्गदर्शन में 'द योगा इंस्टीट्यूट शंकर नगर रायपुर' द्वारा निशुल्क योग शिविर शंकर नगर स्थित सिंधु भवन में 24 मई को सुबह 7 बजे से 8.30 बजे तक होगा। इस शिविर में योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया जाएगा एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर चर्चा की जाएगी। केंद्र के संचालक मनजीत स्थापक ने बताया कि यह शिविर मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली और आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

## निधन

### क्षमा मोरधोड़े



**रायपुर।** सालासार ग्रीन सरोना निवासी क्षमा मोरधोड़े (79) का 23 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रकाश गणेश की पत्नी और विहार मोरधोड़े एवं वृंदा जोशी की माता थीं।

### सूर्यकांता शर्मा



**रायपुर।** रायपुर निवास सूर्यकांता शर्मा (75) का 23 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे गौड़ ब्राह्मण समाज गुढ़ियारी के सदस्य प्रेमचंद शर्मा की पत्नी और रूपचंद, स्व. सुरेश चंद, महेश चंद, रमेश शर्मा की भाभी और प्रमोद शर्मा की माता थीं।

### प्रतिमा श्रीवास्तव



**रायपुर।** सेक्टर-10 भिलाई निवासी प्रतिमा श्रीवास्तव (72) का 23 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 मई को सुबह 11.30 बजे से उनके निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे साहित्यकार रवि श्रीवास्तव की पत्नी और सहकारिता विस्तार अधिकारी दुर्ग अमित श्रीवास्तव व स्व. अनुराधा श्रीवास्तव की माता थीं।

### डॉ. सुरेंद्र पांडेय



**रायपुर।** सुंदर नगर निवासी सेवानिवृत्त आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र पांडेय धमधा वाले (91) का 23 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 मई को महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे स्व. इंद्रा पांडेय के पति और रिटायर्ड डीएसपी राजेंद्र पांडेय, व्यास नारायण पांडेय, सत्यनारायण पांडेय के ज्येष्ठ भ्राता, आदित्य पांडेय और स्व. कमल पांडेय के पिता थे।

# जोन में रिटायर्ड रेलकर्मी मशीन से टिकट देने का करेंगे काम, बिक्री का 3 प्रतिशत मिलेगा मानदेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन पर लोगों को आसानी से टिकट उपलब्ध कराने में रिटायर्ड रेलकर्मी मदद करेंगे। उनकी नियुक्ति मददगार के रूप में की जाएगी। जोन के अंतर्गत 17 स्टेशनों में ऐसे 66 मददगारों की नियुक्ति की जाएगी। इन्हें टिकट बिक्री का 3 प्रतिशत मानदेय दिया जाएगा। रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी या उनके परिजन यदि इसमें रुचि नहीं लेंगे, तो आम लोगों की नियुक्ति की जाएगी। यह पूरी प्रक्रिया टेंडर के जरिए की जाएगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर 17 स्टेशनों में ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनें लगाई गई हैं, ताकि टिकट काउंटर की भीड़ के बजाय उन्हें आसानी से टिकट उपलब्ध हो। पहले यहां पर लोग रहते थे। इसके बाद यहां से लोगों को हटा दिया गया, जिसके बाद आम यात्रियों को टिकट लेने में मुश्किलें शुरू हो गई। इस वजह से फिर टिकट काउंटर में भीड़ बढ़ने लगी। इस भीड़ को कम करने और एटीवीएम के जरिए आसानी से टिकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मददगारों की नियुक्ति का निर्णय लिया गया।

## 17 स्टेशनों में रिटायर्ड रेलकर्मियों की मददगार के रूप में होगी नियुक्ति

### रिटायर्ड रेलकर्मी के परिजनों को भी मौका

एटीवीएम मददगार बनकर यात्रियों को टिकट जारी करने के लिए जो निविदा आमंत्रित की जा रही है, उसमें रिटायर्ड रेलकर्मी, उनके परिजन अथवा कोई भी आम नागरिक भाग ले सकता है। किसी स्थान के लिए रिटायर्ड रेलकर्मी या उनके परिजन नहीं मिलने की स्थिति में ही 18 वर्ष से अधिक व कम से कम 10वीं पास आम नागरिक के आवेदन पर विचार किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में इसकी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। चयनित मददगार जब मंडल कार्यालय में समस्त दस्तावेज जमा करेंगे, तब उन्हें वाणिज्य विभाग की तरफ से पहचानपत्र जारी किया जाएगा।



### मददगारों की नियुक्ति करने टेंडर की प्रक्रिया शुरू

टेंडर की प्रक्रिया शुरू की गई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय में 14 जून को सुबह 11 से दोपहर 3.30 बजे तक टेंडर जमा कर सकेंगे। 14 जून को ही शाम 4 बजे टेंडर खुलेगा। बिलासपुर में 12, रायगढ़ 6, अनूपपुर 3, अकलतरा 3, जांजगीर-नैला 3, पेंड्रा रोड 3, खरसिया 3, उमरिया 3, कोतमा 3, सक्ती 3, बुढार 3, बाराद्वार 3, उसलापुर 3, अंबिकापुर 3, चांपा 3, शहडोल 6 और कोरबा में 3 लोगों की नियुक्ति की जानी है।

## डेढ़ लाख रुपए और कार की लूट

# कालेज छात्र से दोस्ती कर परिवार को बंधक बनाया, झूठे केस में फंसाने की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ आरोपी पर अपने दोस्त की मां के साथ छेड़खानी करने का आरोप

राखी थाना में जांजगीर-चांपा निवासी एक व्यक्ति ने अपने बेटे के दोस्त, उसके बड़े भाई, एक महिला तथा उसके बेटे सहित एक दर्जन लोगों के खिलाफ बंधक बनाकर मारपीट, छेड़खानी तथा लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना तीन माह पूर्व फरवरी की है। जिन्होंने लूट की शिकायत दर्ज कराई है, उन्होंने पुलिस को बताया है कि घटना को अंजाम देने वाला उसके बेटे का दोस्त तथा उसका भाई मास्टर माइंड हैं।

पुलिस के मुताबिक पेशे से पुरोहित का काम करने वाले कमल तिवारी ने सोहेल अली उर्फ मोहर्रम अली, उसके बड़ा भाई, ज्योतिका ऋषि, उसके बेटे तथा अन्य के खिलाफ बंधक बनाकर लूट, मारपीट तथा छेड़खानी करने की शिकायत दर्ज कराई है। कमल ने पुलिस को बताया है कि उनका बेटा वर्ष 2021 में नवा रायपुर स्थित आईटीएम कालेज में बीबीए की पढ़ाई करता था। इसी दौरान उसकी पहचान सोहेल के साथ हुई। सोहेल का बड़ा भाई कालेज परिसर में कैंटीन चलाता है, जहां कमल का बेटा खाना खाने जाता था। कमल के अनुसार बेटे के साथ दोस्ती होने की वजह से सोहेल चार-पांच बार उनके घर आया है। कमल ने पुलिस को बताया है कि दोस्ती का फायदा उठाकर सोहेल तथा उसके साथियों ने उन्हें लूट का शिकार बनाया।

### झांसा देकर रायपुर बुलाकर ओडिशा ले गए

कमल ने थाना में जो शिकायत दर्ज कराई है, उसके मुताबिक सोहेल ने उसके बेटे को 20 जनवरी को कॉल कर कार लेकर तत्काल रायपुर आने के लिए कहा। सोहेल के कहने पर कमल का बेटा कार लेकर रायपुर आ गया। इसके बाद सोहेल ने 11 फरवरी को कमल को कॉल कर कहा, आपका बेटा किसी केस में फंस गया है आप डेढ़ लाख रुपए लेकर तत्काल ओडिशा, अंगुल आ जाओ। अंगुल पहुंचने पर सोहेल ने कमल से पैसे मांगे, तब कमल ने अपने पास पैसा नहीं होने की बात कही। इस पर सोहेल ने अपने दोस्त के पिता को कार छोड़कर अपना बेटा ले जाने कहा। केस के संबंध में पूछने पर सोहेल ने कमल को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी और कमल की कार रख दोनों को वहां से जाने दिया।



### नवा रायपुर बुलाकर बंधक बनाया

थाने में दर्ज शिकायत के मुताबिक 20 फरवरी को सोहेल ने उन्हें पुनः काल कर डेढ़ लाख रुपए देकर अपनी कार ले जाने नवा रायपुर स्थित अरण्यम रेस्टोरेंट के पास बुलाया। इस पर कमल अपनी पत्नी, पारिवारिक मित्र तथा बेटे के साथ कार से नवा रायपुर पहुंचा। नवा रायपुर पहुंचने पर सोहेल उनकी कार में सवार होकर कमल को उनकी कार बिलासपुर रोड में होने की बात कह कर संकरी बायपास ले गया। इसके बाद संकरी बायपास के पास सोहेल तथा उसके अन्य साथियों ने कमल, उनकी पत्नी, पारिवारिक मित्र तथा बेटे को बंधक बना लिया।

### फार्म हाउस में बंधक दो दिन कार में घुमाते रहे

कमल ने थाने में जो रिपार्ट दर्ज कराई है, उसके मुताबिक 20 फरवरी को सोहेल तथा उसके साथियों ने उन लोगों को बंधक बनाने के साथ उनकी कनपटी पर कट्टा रख कर पूरी रात दो अलग-अलग कार में इधर से उधर घुमाते रहे। इस दौरान सोहेल ने कमल की पत्नी के साथ छेड़खानी भी की। इसके बाद दूसरे दिन पिरदा स्थित एक फार्म हाउस में कमल तथा उनके साथ आए लोगों को बंधक बनाकर रखा। कमल ने पुलिस को बताया है कि पिरदा में बंधक बनाकर रखने के बात सोहेल तथा उसके साथी उन्हें 23 फरवरी तक अपने साथ कार में इधर से उधर घुमाने के साथ मारपीट की।

### एग्रीमेंट के दस्तावेज पर जबरन हस्ताक्षर

थाने में दर्ज शिकायत के मुताबिक सोहेल तथा उसके साथियों ने कमल से उसके जांजगीर-चांपा स्थित घर के 16 लाख रुपए के बिक्रीनामा में जबरन दस्तखत कराया और गवाह के रूप में कमल के पारिवारिक मित्र से हस्ताक्षर कराया। साथ ही कमल से उसके बेटे का 12 लाख रुपए लेने की लिखा-पढ़ी करने के साथ चार-चार लाख रुपए के चार चेक पर हस्ताक्षर कराया।

### इन धाराओं के तहत एफआईआर

राखी टीआई अजीत सिंह राजपूत के मुताबिक कमल की शिकायत पर बुधवार को सोहेल, उसका बड़ा भाई, ज्योतिका ऋषि, उसका बेटा तथा अन्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 323, 34, 342, 392 तथा 506 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। मामले की जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### शिकायत दर्ज कराने भटकते रहे

थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने में देर के संबंध में कमल से संपर्क किया गया, तो उसने बताया कि उन्हें शिकायत दर्ज कराने अलग-अलग थानों में भटकाया गया। इस संबंध में राखी पुलिस का कहना है कि कमल अपनी शिकायत दर्ज कराने संबंधित थाने को छोड़ अन्य थानों में भटकता रहा, जिसकी वजह से रिपोर्ट दर्ज कराने में देर हुई। पुलिस के अनुसार मामले की पड़ताल के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## राज्य उपभोक्ता फोरम की सुनवाई का ऑनलाइन प्रसारण

# वेबेक्स एप के जरिए सीधे कोर्ट से जुड़ रहे वादी और परिवादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य उपभोक्ता फोरम की कोर्ट में सुनवाई के दौरान अब वादी हो या परिवादी, दोनों पक्षकारों को बार-बार आने की जरूरत नहीं है। वे चाहें, तो अपने घर, दफ्तर या देश के किसी भी शहर-गांव में रहते हुए अपने केस की सुनवाई का लाइव प्रसारण मोबाइल, लैपटॉप, कम्प्यूटर के माध्यम से देख व सुन सकते हैं। इसके लिए सिर्फ राज्य उपभोक्ता फोरम का मीटिंग वेबेक्स एप डाउनलोड करना होगा। इस एप के माध्यम से दोनों पक्षकार के साथ कोई भी इच्छुक व्यक्ति कोर्ट की सुनवाई का लाइव प्रसारण देख सकता है।

***मीटिंग नंबर भी ऑनलाइन :*** उपभोक्ता फोरम ने पहले चरण में देशभर में राज्य उपभोक्ता कोर्ट की सुनवाई के लिए यह एप तैयार किया है। इस एप को 20 अप्रैल को लांच किया गया है। इस एप को गूगल के प्ले स्टोर में जाकर आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। डाउनलोड करने के बाद इसमें जॉइन मीटिंग का आप्शन आएगा। इसे क्लिक करने के बाद जॉइन मीटिंग का नंबर, यूजर नाम में अपना नाम और यूजर आईडी में अपनी आईडी डालनी होगी। इसके बाद पक्षकार सीधे कोर्ट की कार्यवाही का प्रसारण देख-सुन पाएगा। मीटिंग नंबर भी एप के लिंक में ऑनलाइन है।



### पक्षकारों का समय और पैसा दोनों बचेगा

फोरम कोर्ट की लाइव सुनवाई के प्रसारण से दोनों पक्षकारों का समय और पैसा दोनों बचेगा। अब तक कोर्ट की सुनवाई में शामिल होने के लिए पक्षकारों को ड्यूटी और जरूरी काम को छोड़कर वाहन या अन्य साधन से पैसे खर्च करके सुनवाई में शामिल होने आना पड़ता था, लेकिन ऑनलाइन लाइव प्रसारण के बाद अब पक्षकारों का समय और पैसा दोनों बचेगा।

### ऑनलाइन प्रसारण से हर सुनवाई की जानकारी मिल पाएगी पक्षकारों को

सुनवाई के दौरान कई बार वादी या परिवादी पक्ष के लोग कोर्ट पहुंच नहीं पाते। ऐसे में उन्हें मालूम नहीं पड़ता कि सुनवाई के दौरान दोनों पक्षकारों के वकीलों ने केस पर कौन-कौन से तथ्य या बातें कही हैं। इसके अलावा सुनवाई की आगामी तारीख, फैसला की जानकारी भी नहीं हो पाती। इसके लिए उन्हें अपने वकील से जानकारी लेनी पड़ती है। ऑनलाइन प्रसारण के शुरू होने से अब पक्षकार हर सुनवाई को स्वयं देख सकता है, जिससे वे अपने केस से संबंधित हर जानकारी से भी अपडेट होते रहेंगे।

### पक्षकारों को सुविधा देने वाला एप

उपभोक्ताओं को सुविधा देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता कोर्ट की सुनवाई का ऑनलाइन प्रसारण के लिए एप बनाया है। एप के माध्यम से दोनों पक्षकार के साथ आम व्यक्ति भी कोर्ट रूम से सीधे जुड़कर सुनवाई देख-सुन सकता है।

*- **हिमांशु जैन,** रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ उपभोक्ता फोरम रायपुर*

## घर का ठेका लेने वाले मिस्त्री ने की मारपीट

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक व्यक्ति ने अपने घर में काम करने का ठेका लेने वाले मिस्त्री के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक पंडरी गांधीनगर निवासी ऋषि कुमार ठाकुर ने शिव कुमार साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

ऋषि ने पुलिस को बताया कि शिव को उसने अपने मकान का नवनिर्माण करने का ठेका दिया था। आधा काम करने के बाद शिव के दो महीने काम पर नहीं आने पर ऋषि किसी दूसरे मिस्त्री को बुलाकर घर का काम कराने लगा तो इस बात से नाराज होकर शिव ने ऋषि तथा उसकी पत्नी के साथ मारपीट की।

## पारिवारिक विवाद में पत्नी और साले से मारपीट

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ पारिवारिक विवाद के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक माधुरी सोनकर ने अपने पति छगन सोनकर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। माधुरी ने पुलिस को बताया कि पति से विवाद होने के बाद वह पांच साल से अलग रह रही है। बुधवार को वह मजदूरी कर अपने भाई के साथ वापस लौट रही थी, इसी दौरान छगन उससे तथा उसके भाई के साथ गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर छगन ने अपनी पत्नी तथा साले के साथ मारपीट की।

## कोर्ट के आदेश पर बीसी खिलाने वालों के खिलाफ ठगी की रिपोर्ट

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ नौ साल पुराने मामले में ठगी का अपराध दर्ज किया है। महिला ने जेएमएफसी कोर्ट में बीसी के एक लाख 60 हजार रुपए गबन कर धोखाधड़ी करने का परिवाद दायर किया था। परिवाद की सुनवाई के बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक रायपुरा, विकास नगर निवासी अनिता नायक की शिकायत पर हलधर राव, प्रीति राव, शांति राव, रूपेश राव के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज की गई है। अनिता ने पुलिस को बताया है कि अवधपुरी निवासी प्रीति, शांति तथा रूपेश समूह बनाकर बीसी संचालित करने का काम कर रहे थे। संचालित बीसी में अनिता ने भी वर्ष 2012 में शामिल होते हुए तीन साल तक हर माह दो हजार रुपए के हिसाब से एक लाख 60 हजार रुपए जमा किया। बीसी कंपलीट होने के बाद अपने पैसों की मांग की, तो आरोपियों ने पैसा देने में टालमटोल करने के साथ पैसा देने से इनकार कर दिया।



# संदिग्ध हालत में मिली युवती की लाश, रेप और हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ टिकरापारा थाना क्षेत्र की घटना, घटना स्थल के आसपास शराब की खाली शीशी के साथ डिस्पोजल मिले

टिकरापारा थाना क्षेत्र के कमल विहार के सेक्टर-4 में एक 26 से 30 साल की महिला की गुरुवार दोपहर लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। महिला की लाश सूनसान झाड़ियों में नाले के पाइप में मिली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पोस्टमार्टम करने के लिए मरचुरी रवाना कर दिया है। पुलिस को आशंका है कि महिला के साथ रेप करने के बाद हत्या कर लाश झाड़ियों में नाले के पाइप में छिपाई गई होगी। मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

पुलिस के मुताबिक महिला की लाश तीन से चार दिन पुरानी है। आसपास के लोगों ने नाले के पास से बदबू आने पर वहां जाकर देखा, तो एक महिला की लाश अर्धनग्न हालत में पाइप के अंदर पड़ी थी। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने आसपास पतासाजी की, तो घटनास्थल के पास शराब की खाली शीशी के साथ डिस्पोजल पड़े मिले। पुलिस को आशंका है कि आसपास मंडराने वाले नशेड़ियों ने महिला के साथ रेप कर हत्या की होगी।



### महिला के सिर, चेहरे पर चोट के निशान

मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव का परीक्षण किया, तो पाया कि महिला के सिर तथा चेहरे पर चोट के निशान थे। पुलिस को आशंका है कि महिला द्वारा विरोध करने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर रेप की घटना को अंजाम दिया होगा। सिर तथा चेहरे पर गंभीर चोट लगने की वजह से महिला की मौत हुई होगी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि महिला की साड़ी तथा लहंगा ऊपर उठा हुआ था। साथ ही महिला के अंडरगार्मेंट नहीं थे। इस वजह से पुलिस महिला के साथ रेप होने की आशंका व्यक्त कर रही है। शुक्रवार को महिला का शार्ट पीएम मिलने के बाद महिला की मौत की असल वजह के साथ रेप की बात की पुष्टि होगी। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18, तहसील व जिला रायपुर

आम सूचना

जारी दिनांक 20/05/2024

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम टेमरी प.ह.नं. 78 रा.नि.मं. रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक मनोज कुमार साहू पिता टिकाराम साहू निवासी टेमरी रायपुर (छ.ग.) द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 349/7 रकबा 0.0471 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. /क/वाचक/तहसीलदार अ-12 वर्ष 2024 आदेश दिनांक 17/05/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 06/06/24 को समय 12:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18

## पेज 09 के शेष ...

### एक आधार, एक...

उज्ज्वला योजना के तहत हितग्राहियों को सिलेंडर में सब्सिडी दी जा रही है। कई घरों में लोगों ने एक आधार पर दो से ज्यादा कनेक्शन लिए हुए हैं। इसमें सामान्य के अलावा उज्ज्वला योजना के कनेक्शन भी शामिल हैं। एक आधार पर एक से ज्यादा कनेक्शन लेकर कई परिवार सब्सिडी का दोहरा लाभ ले रहे हैं। इसे देखते हुए पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देश पर गैस कंपनियों ने नया साफ्टवेयर बनाया है। इस साफ्टवेयर के बनाए जाने के बाद ही देशभर में गैस कंपनियों ने उपभोक्ताओं की केवाइसी कराने का काम शुरू किया है।

### सराफा चुनाव का...

एसोसिएशन ने मोर्चा खोला और सात बिंदुओं में एसोसिएशन के पदाधिकारियों से तीन दिनों में जवाब मांगा और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। एसोसिएशन की तरफ से अब तक जवाब तो नहीं दिया गया है, लेकिन चुनाव कराने की तैयारी प्रारंभ हो गई है।

### गेट बंद होने से...

जाना लगा रहता है। इसके कारण दिन के समय में यहां शराबखोरी होना मुश्किल है। इससे साफ है कि छुट्टी के बाद से लेकर गेट पर ताला लगाने के दौरान या फिर अवकाश के दिनों में यहां शराबखोरी होती है, जिसके कारण अधिकारियों-कर्मचारियों को भी इसकी जानकारी नहीं हो पाती है।

### जर्दायुक्त गुटखा व...

अन्य लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कलेक्टोरेट की तीन मंजिला बिल्डिंग में आने-जाने के लिए एक लिफ्ट लगी हुई है। जर्दायुक्त गुटखा खाने वालों ने इस लिफ्ट को भी नहीं छोड़ा है। लिफ्ट के अंदर भी गुटखा खाकर थूक दिए हैं, जिसके कारण अधिकारियों-कर्मचारियों ने इस लिफ्ट से आना-जाना ही छोड़ दिया है।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508133


Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN Nursery to 12th (Biology, Maths, Commerce) Register Now at www.mesraipur.com
Highlight: ● Spoken English & Personality Development Classes ● Transport & Surveillance Facility ● Monthly Seminar & Discussion ● Personal attention on each students ● Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 07771-4000123

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN Nursery to 12th Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features: ● Extra curricular activities ● Personal attention to each student Limited student in each class ● Music, Dance, personality development classes ● Yoga ● Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) Mo.:- 9589085558, 9329621221, Email:- rpsraipur123@gmail.com

Contact to Add Your School - 79871-19756

## खबर संक्षेप



### तहसील कार्यालय में पसरी गंदगी से परेशानी

**रायपुर।** रायपुर तहसील कार्यालय की नियमित रूप से सफाई नहीं हो पा रही है। इस कारण तहसील कार्यालय के अंदर परिसर में जगह-जगह गंदगी पसरी रहती है। हर रोज अपने काम से यहां पहुंचने वाले आम लोगों के अलावा कर्मचारियों को भी गंदगी और दुर्गंध से परेशान होना पड़ रहा है। तहसील कार्यालय के सूत्रों के अनुसार यहां सफाई करने वाले नियमित रूप से नहीं आते हैं। इसके कारण तहसील कार्यालय के अंदर परिसर में जगह-जगह कूड़े के ढेर व गंदगी पसरी रहती है। अंदर परिसर को कर्मचारियों ने पार्किंग बना डाला है, जबकि पार्किंग की व्यवस्था तहसील के बाहरी हिस्से में है। दोपहिया वाहनों के कारण अंदर परिसर में लोगों को चलने के लिए कम जगह मिल पाती है। वाहनों के कारण यहां गंदगी भी फैल रही है।

### डूमरतराई थोक सब्जी मंडी का स्थापना दिवस मनाया



**रायपुर।** डूमरतराई स्थित प्रदेश की सबसे बड़ी थोक सब्जी मंडी ने 13 वर्ष पूर्ण कर 14वें वर्ष में प्रवेश किया है। श्रीराम थोक सब्जी विक्रेता समिति ने इस अवसर पर गुरुवार को मंडी परिसर में थोक सब्जी मंडी का स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान समिति के लोगों ने एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें केक काटकर पटाखे फोड़े और फिर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस सेलीब्रेट किया। इस अवसर पर मंडी अध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी, सचिव हरीश बाबरिया, उपाध्यक्ष राजा साहू, सहसचिव अमित गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजा पंजवानी, मोहनलाल रोहरा, गजेंद्र अग्रवाल, राजेंद्र मटलानी, विष्णु साहू सहित बड़ी संख्या में थोक व्यापारी उपस्थित थे।

### सड़क पर रखी भवन निर्माण सामग्री जब्त

**रायपुर।** नगर निगम जोन-6 अमले ने संतोषी नगर चौक से लेकर सिद्धार्थ चौक टिकरापारा तक अभियान चलाकर सड़क पर रखी भवन निर्माण सामग्री जब्त की। संबंधित भवन स्वामी से 2000 रुपए सड़क बाधा शुल्क वसूला गया। जोन-2 नगर निवेश विभाग द्वारा इंदिरा गांधी वार्ड के तात्यापारा चौक के समीप सड़क पर भवन निर्माण सामग्री जब्त कर भवन स्वामी से 1 हजार रुपए सड़क बाधा शुल्क वसूला। जोन-10 नगर निवेश विभाग की टीम ने राजेंद्र नगर ब्रिज एवं लालपुर ब्रिज के पास दो अलग-अलग स्थानों पर दो भवन स्वामियों से सड़क पर रेत, गिट्टी एवं अन्य भवन निर्माण सामग्री जब्त 2 हजार रुपए सड़क बाधा शुल्क वसूला।

# मेडिकल कॉलेज पर 5 लाख का जुर्माना, 2 माह में कमियां दूर नहीं तो घटेंगी एमबीबीएस सीटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- फैकल्टी के अभाव सहित अन्य कमियों को लेकर एनएमसी ने जताई थी नाराजगी

पं.जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज को अपनी खामियां दूर करने के लिए दो माह की मोहलत मिली है। इसके साथ ही पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाए जाने की खबर है। गुरुवार को ऑनलाइन हुई बैठक में नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा यह फैसला चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के संदर्भ में लिया गया है। इसके पूर्व एनएमसी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए मेडिकल कॉलेज से पूछा गया था कि क्यों ना संस्थान में एमबीबीएस सीटों में कटौती की जाए। कारण बताओ नोटिक जारी करने के बाद तीन दिनों का वक्त देते हुए वर्चुअल बैठक के लिए 23 मई का दिन निर्धारित किया गया था। गुरुवार को विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। मेडिकल कॉलेज ने अपना पक्ष रखते हुए स्थिति स्पष्ट की। इसके बाद नेशनल मेडिकल कमीशन ने दो माह का वक्त दिया है। जुलाई तक महाविद्यालय में पाई कई कमियों को दूर करते हुए कमीशन के समक्ष अपनी रिपोर्ट मेडिकल कॉलेज द्वारा पेश करनी होगी। इसके बाद एनएमसी द्वारा यह निर्णय लिया जाएगा कि एमबीबीएस सीटों की संख्या यथावत रखी जाए अथवा इसमें कमी की जाए।

## नेशनल मेडिकल कमीशन ने वर्चुअल मोड में हुई बैठक में दिए निर्देश

### बिलासपुर मेडिकल कॉलेज पर 3 लाख का जुर्माना

गौरतलब है कि नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा चिकित्सा महाविद्यालयों में पढ़ाई के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को लेकर सख्ती बरती जा रही है। एनएमसी द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि छात्रों को सभी सुविधाएं मिल सकें और पढ़ाई किसी भी तरह से प्रभावित ना हो। निरीक्षण के पूर्व जहां खामियां पाई जा रही हैं, वहां इसे दूर करने निर्देश दिए जा रहे हैं। रायपुर मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त बिलासपुर मेडिकल कॉलेज पर भी मेडिकल कमीशन द्वारा 3 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जा चुका है।



### आज भेजेंगे जानकारी

मेडिकल कॉलेज में व्याप्त खामियों के साथ ही संस्थान द्वारा पूर्ण जानकारी उपलब्ध नहीं कराए जाने को लेकर भी मेडिकल कमीशन द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई थी। बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों के मुताबिक, मेडिकल कॉलेज को शुक्रवार को जानकारी देनी होगी। इसमें छात्रों की उपस्थित से लेकर परीक्षा की वीडियो रिकॉर्डिंग सहित अन्य तरह के दस्तावेज शामिल हैं। ये सभी जानकारी रायपुर मेडिकल कॉलेज आज एनएमसी को सौंपेगा। इसके लिए भी मेडिकल कॉलेज द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

## डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने निकली गाड़ियां

# रामकी कंपनी के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म, काम पर लौटे

*7 बिंदुओं पर 1 माह में लंबित मांग पूरा करने मिला आश्वासन : दलदल सिवनी डंपिंग यार्ड में वेतन विसंगति दूर करने सहित अन्य मांगों को लेकर जुटे रामकी के सफाई कर्मचारियों के साथ जोन 9 कमिश्नर संतोष पांडे, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान, सहायक नोडल अधिकारी योगेश कडू और रामकी के सिटी हेड योगेश कुमार ने चर्चा की। इस दौरान 7 बिंदुओं पर 1 माह में कर्मचारियों की लंबित मांग पूरा करने का आश्वासन रामकी के सिटी हेड योगेश कुमार द्वारा दिये जाने पर हड़ताल खत्म हुई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रामकी कंपनी के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल गुरुवार को खत्म हो गई। लंबित मांगों को 1 माह में पूरा करने के आश्वासन पर हड़ताली ठेका सफाई कर्मचारी काम पर लौटे। इसके साथ ही लोगों के घरों व दुकानों से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने गाड़ियां रवाना हुईं। इधर महापौर एजाज ढेबर ने कांग्रेसी पार्षदों के साथ मिलकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर सफाई मित्र के साथ मारपीट करने वाले पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

दरअसल, राजधानी के ठक्कर बापा वार्ड स्थित गुढ़ियारी के मुर्रा भट्टी चौक में मंगलवार को डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने गए सफाई कर्मचारी आसकरण कोसले के साथ मोनू साहू द्वारा घर के सामने कचरा गाड़ी खड़ी नहीं करने पर दुर्व्यवहार करते हुए मारपीट की। इस घटना को लेकर बवाल बचा और रामकी कंपनी के सफाई कर्मचारियों ने दलदल सिवनी पाइंट पर करीब 200 गाड़ियां खड़ी काम बंद कर दिया। न तो उन्होंने घर-घर जाकर कचरा लिया और न ही मुक्कड़ों में डंप कचरे को उठाया। इस वजह से मंगलवार सुबह शहर के ज्यादातर इलाके में कचरा डंप रहा। गुरुवार को भी इस बात को लेकर सफाई कर्मचारी दलदल सिवनी पाइंट पर वेतन बढ़ाने और सफाई मित्र के साथ मारपीट करने वाले पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर अड़े रहे। इस दौरान निगम के अधिकारी हड़ताली सफाई मित्रों को समझाइश देते रहे।





### लंबित मांगों पर आश्वासन के प्रमुख बिंदु

- 5 सुपरवाइजर जिनके खिलाफ कई तरह के आरोप लगाये गये हैं, उन्हें तत्काल नोटिस जारी किया जायेगा और 1 महीने बाद उन्हें निकाल दिया जायेगा।
- वेतन वृद्धि के लिए अप्रैल का नोटिफिकेशन नहीं आया है, इसके आने पर मैनेजमेंट से इसके बारे में बातचीत की जायेगी। 1 माह बाद पुनः 10 लोग मिलेंगे और चर्चा की जायेगी।
- कलेक्टर दर की कापी हमेशा ठेका सफाई कर्मचारी को शेयर कर दी जायेगी।
- कोई भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलायेगा और न ही हेल्पर का काम करेगा। पकड़े जाने पर निकाले जाने की कार्रवाई की जायेगी।
- सामान्य मृत्यु की स्थिति में 1 लाख के मुआवजे को बढ़ाने की बात की जायेगी।

### वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से मिले महापौर, ज्ञापन सौंपा



सफाई मित्र से मारपीट के मामले में आरोपी मोनू साहू पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए महापौर एजाज ढेबर ने वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, ज्ञानेश शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल, द्रोपती-हेमंत पटेल, अंजनि-राधेश्याम विभार, सुंदर जोगी और ठक्कर बापा वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि डॉ. अन्नूराम साहू और पार्षद प्रकाश जगत के साथ मिलकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी संतोष सिंह से मुलाकात की और उन्हें इस संबंध में लिखित में ज्ञापन सौंपा।

## भैरव सोसाइटी में मां पद्मावती देवी महापूजन की तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- विमलनाथ जैन मंदिर के हीरसूरी भवन में होंगे महापूजन
- भोमियाजी महापूजन 1 जून को, 2 जून को मां पद्मावती देवी महापूजन

विमलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट रायपुर द्वार 1 जून व 2 जून को भोमियाजी महापूजन और मां पद्मावती देवी महापूजन का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। दोनों ही महानुष्ठान नाकोड़ा भैरव सोसाइटी के विमलनाथ मंदिर परिसर स्थित हीरसूरी भवन में किया जायेगा।

दरअसल, विमलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर की रजत जयंती के उपलक्ष्य में राजधानी में दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होगा। अनुष्ठान में महेंद्र सागर महाराज के शिष्य मनीषी उपाध्याय, मनीष सागर महाराज के शिष्य मुनिराज और विवेक सागर महाराज सहित मुनि भगवंतों की उपस्थिति रहेगी। विमलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट के विनोद सोनीगरा और अरुण बरलोटा ने संयुक्त रूप से बताया कि ये दोनों महानुष्ठान नाकोड़ा भैरव सोसाइटी के विमलनाथ मंदिर परिसर स्थित हीरसूरी भवन में होंगे। इसके साथ ही मुनि विवेकसागर की प्रवचन सभा का आयोजन 3 जून को किया जायेगा। युवाओं के लिए कॅरियर विथ कैरेक्टर विषय पर सेमिनार रखा गया है, जिसमें अमन जैन प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देंगे।

## बिजनेस साइट

### सूत्रा की समर स्पेशल प्रदर्शनी आज से

sutraa
Indian•Fashion•Exhibition

**रायपुर।** इस सीजन में सूत्रा 24, 25 और 26 मई को रायपुर में द ट्राइटन बाय श्यामा होटल्स एंड रिसॉर्ट्स में एक समर स्पेशल प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है, जो इसे उन सभी फैशन प्रेमियों के लिए एक जरूरी जगह बनाती है, जो बेहतरीन समर कलेक्शन का आनंद लेना चाहते हैं। सूत्रा ट्रेंडिंग फैशन और नवीनतम डिजाइनर कलेक्शन लाकर प्रतिष्ठित आयोजक बना हुआ है और उम्मीद है कि यह सबसे खूबसूरत प्रदर्शनी होगी, जो इसे आपकी सभी जरूरतों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बनाती है। चाहे वह पोशाकें हों, बढ़िया आभूषण हों, जूते हों, क्लच हों या मैच बनाने वाली सहायक वस्तुएं हों, सूत्रा आपके लिए संपूर्ण अवधि निर्धारित करते हैं।

बता दें कि सूत्रा फैशन प्रदर्शनी पूरे भारत के प्रतिभाशाली फैशन डिजाइनरों द्वारा भारतीय और पश्चिमी परिधान, आभूषण, जूते, सहायक उपकरण की आकर्षक रेंज प्रदर्शित करने के लिए समर्पित है। सूत्रा का अनावरण 24 मई को मीडिया और मशहूर हस्तियों की उपस्थिति में किया जाएगा।

### सर्व समाज समन्वय महासभा का शपथ ग्रहण

**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन सभागार में सर्व समाज समन्वय महासभा छत्तीसगढ़ द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश्री महंत रामसुंदर दास और विशिष्ट अतिथि कुलपति अरूणा पल्टा, प्रांत संरक्षक उदयभान सिंह चौहान शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महंत रामसुंदर दास ने कहा, यह भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म ही है, जो औरों की उन्नति के विषय में विचार करता है। अन्य धर्म में स्वयं के विकास पर अधिक जोर दिया जाता है।

# नई टंकी की टेस्टिंग से 120 घरों में लगेंगे नल, 32 सौ परिवारों को फोर्स की समस्या से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रावांभाठा वार्ड अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में एक लाख 80 हजार लीटर क्षमता वाली नई टंकी की टेस्टिंग के बाद वार्ड 13 व 14 में बचे हुए करीब 120 घरों में नल से पानी मिलने वाला है। इसके लिए इंटर कनेक्शन का काम एजेंसी को पखवाड़ेभर में पूरा करने के लिए निगम प्रशासन ने निर्देश दिया है। वहीं मठपारा टंकी से इंटर कनेक्शन होने से 32 सौ परिवारों को फोर्स की समस्या से भी मुक्ति मिलने वाली है।

बिरगांव निगम सीमा में पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए जिम्मेदारों ने ट्रांसपोर्ट नगर में निर्माणाधीन पानी टंकी का काम पूरा करने के बाद टेस्टिंग किया है। अब वार्ड 13 व 14 में बचे हुए 120 परिवारों को कनेक्शन देते हुए नल से पानी पहुंचाने की मुहिम तेज की गई है। इसके लिए निगम के जिम्मेदारों ने वार्ड में इंटर कनेक्शन का काम भी शुरू किया है। इसके पहले वार्ड में आधे-अधूरे परिवारों को घर पहुंच पेयजल की सुविधा मिलती थी। बचे हुए परिवारों द्वारा लगातार की जा रही मांग को देखते हुए अब पेंडिंग काम को पूरा किया जा रहा है। मठपारा में 20 लाख लीटर क्षमता वाली पानी टंकी से इंटर कनेक्शन शुरू किया है। इससे जुड़े वार्ड 20 से 27 में कम पानी पहुंचने और फोर्स की समस्या से जूझने वाले 32 सौ कनेक्शन धारको को छुटकारा मिलने वाला है।

## रावांभाठा- मठपारा पानी टंकी से इंटर कनेक्शन शुरू, पखवाड़ेभर में मिलेगी राहत





### 104 करोड़ की योजना पर काम

निगम सूत्रों ने बताया कि खारून से जल प्रदाय बिरगांव आवर्धन योजना अंतर्गत 40 वार्डों में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए करीब तीन साल पहले मुहिम तेज की गई। इसके लिए शासन से प्राप्त 104 करोड़ के बजट से निगम ने 8 नई टंकियों का निर्माण करवा रहा है। इनमें 6 टंकियों का निर्माण पूरा होने के बाद टेस्टिंग व इंटर कनेक्शन पूरा किया जा रहा है। इसके बाद दो अधूरी टंकियों का काम पूरा होने पर लोगों को कनेक्शन देने की तैयारी है।

### फोर्स की समस्या होगी दूर

ट्रांसपोर्ट नगर में नई टंकी से इंटर कनेक्शन के साथ ही बचे हुए परिवारों को कनेक्शन दिया जा रहा है। मठपारा टंकी से भी इंटर कनेक्शन शुरू किया है। इस काम को जल्द पूरा करने के लिए एजेंसी को कहा गया है। काम पूरा होने से लोगों की फोर्स की समस्या दूर होगी।

- **इकराम अहमद,** अध्यक्ष, जल प्रदाय विभाग नगर निगम, बिरगांव

### तपती धूप में कर्मचारी बहा रहे पसीना

तपती धूप में निगम के अधिकारी और एजेंसी कर्मी पसीना बहा रहे हैं। जल आवर्धन योजना पहले से ही लेट-लतीफी का हिस्सा बना हुआ है। इसे देखते हुए अब जिम्मेदार इस प्रोजेक्ट को किसी भी स्थिति में जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य लेकर काम कर रहे हैं। इसके लिए एजेंसी कर्मियों के साथ इंजीनियर धन्नू देवांगन के साथ ही जल आवर्धन प्रोजेक्ट से जुड़ी एजेंसी के कर्मचारी और तकनीकी टीम भी तपती धूप में पसीना बहा रहा, ताकि प्रोजेक्ट पूरा किया जा सके।

# गर्मी में अंडों का भी चढ़ा ऐसा पारा, पहली बार चिल्हर में कीमत साढ़े छह रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- खराब होने के डर से 30 से 35 लाख उत्पादन भी घटाया
- छत्तीसगढ़ का नाम भी ज्यादा अंडा उत्पादन करने वाले राज्यों में शामिल



आमतौर पर गर्मी में अंडे का भाव तीन से चार रुपए ही रहता है, लेकिन पहली बार चिल्हर में इसकी कीमत साढ़े छह रुपए हो गई है। जहां तक थोक में सवाल है तो उसमें यह छह रुपए है, जबकि पोल्ट्री फार्म से कारोबारियों को 5.10 रुपए में मिल रहा है। इसके पीछे का कारण यह है कि उत्पादन कम हो गया है, क्योंकि गर्मी में अंडे जल्दी खराब हो जाते हैं। अपने राज्य में अंडों का उत्पादन भारी मात्रा में होता है। यहां सामान्य दिनों में रोज 80 लाख अंडों का उत्पादन होता है, लेकिन गर्मी में उत्पादन 30 से 35 लाख कम कर दिया गया है।

छत्तीसगढ़ का नाम भी ज्यादा अंडा उत्पादन करने वाले राज्यों में शामिल है। यही वजह है कि यहां से दूसरे राज्यों में रोज अंडे जाते हैं। यहां कई बड़े पोल्ट्री फार्म हैं। इनमें लाखों की संख्या में अंडों का उत्पादन रोज होता है। कोरोनाकाल में जब लॉकडाउन लगा था, तब पोल्ट्री फार्म संचालकों की हालत खस्ता हो गई थी। यहां 20 करोड़ से ज्यादा अंडों को कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ा था। स्थिति अंडों को फेंकने की आ गई थी, लेकिन लॉकडाउन हटने के बाद राहत मिली थी। इसके बाद से लगातार अंडों का अच्छा उत्पादन हो रहा है और दूसरे राज्यों में अंडे भेजे जा रहे हैं। बीते साल दो माह का सावन पड़ने के कारण भी अंडों का कारोबार प्रभावित हुआ और बड़ी संख्या में इन्हें कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ा था।

### दूसरे राज्यों में कम जा रहे

गर्मी के कारण अंडों का उत्पादन कम हो रहा है। सामान्य दिनों रोज 80 लाख के आसपास अंडों का उत्पादन होता है। इसमें से 30 से 40 फीसदी दूसरे राज्यों में भेजे जाते हैं, लेकिन इस समय उत्पादन 45 से 50 लाख के आसपास हो रहा है। इसमें से बहुत कम अंडे दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। पिछले साल ठंड के समय में अपने राज्य में 80 लाख में से 60 लाख से ज्यादा अंडों की खपत हो रही थी।

### उत्पादन घटाया

गर्मी में अंडों का उत्पादन कम कर दिया गया है, जिसके कारण कीमत भी बढ़ गई है। गर्मी में आमतौर पर कीमत कम रहती है, लेकिन दो साल से कीमत ज्यादा है।

- **धनराज बनर्जी,** पोल्ट्री फार्म कारोबारी

### कीमत आसमान पर

गर्मी के समय में अंडे की कीमत आमतौर पर थोक में साढ़े तीन से चार रुपए और चिल्हर में चार से साढ़े रुपए रहती है, लेकिन इस बार गर्मी में कीमत में पहली बार ज्यादा बढ़ोतरी हो गई है। चिल्हर में सब्जी, किराना दुकान, डेलीनीड्स में इसे साढ़े छह रुपए में बेच रहे हैं। इनको थोक में अंडा दुकान पर पहुंचाकर छह रुपए में मिल रहा है। वैसे पोल्ट्री फार्म में कीमत 5.10 रुपए है। चिकन सेंटरों में थोक में 5.75 रुपए के हिसाब से अंडे मिल रहे हैं, लेकिन यहां पर 30 अंडों का क्रेट लेने पर ही यह कीमत लगती है।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 24 मई 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



03



आने वाले 21 दिन इन राशियों के...


## लाइव इवेंट

# आत्मरक्षा सहित कॅरियर के रूप में भी बेहतर विकल्प है ताइक्वांडो



**रायपुर।** खेल व युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत कर दी गई है। यहां पर जिला ताइक्वांडो संघ की ओर से खिलाड़ियों को ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें बालक व बालिका वर्ग के खिलाड़ी आत्मरक्षा के गुर में परांगत हो रहे हैं। प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ियों से ही आने वाले स्पर्धाओं के लिए बालक व बालिका वर्ग की टीम तैयार की जाएगी, जो आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इसी तरह नए खिलाड़ियों की खेप तैयार की जा रही है, जो आने वाले दिनों में प्रतिभावान ताइक्वांडो खिलाड़ी बनकर उभरेंगे। अकादमी में रोजाना शाम साढ़े पांच बजे से साढ़े सात बजे तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें बालक व बालिका वर्ग के 60 से ज्यादा को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका प्रशिक्षण अंतराष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी राम पुरी गोस्वामी और उनके सहायक प्रशिक्षक दे रहे है। बच्चे शिविर में आत्मरक्षा के गुर सीख रहें है। इसमें किकिंग, फाइटिंग, स्टेमना, पूमसे के आधुनिक खेल की विधा में दक्ष हो रहे है।

### राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में भी करेंगे शिरकत

कोच राम पुरी गोस्वामी ने बताया, ताइक्वांडो शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ी आगामी जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में भी शिरकत करेंगे। यहां खिलाड़ियों को बताया जा रहा है कि वे इस आत्मरक्षा के गुर को सही तरीके से आत्मसात करते हुए एक खिलाड़ी के रूप में आगे बढ़ सकते हैं। यह ना केवल आत्मरक्षा का अच्छा विकल्प है, बल्कि कॅरियर के रूप में भी छात्रों के लिए फायदेमंद है।

## सिटी इवेंट

# ओडिसी नृत्य में जीवंत हुई महादेवी की महामाया



**रायपुर।** शदाणी दरबार परिसर में केरल से आए आचार्यों ने महा सुहत महा शाक्त यज्ञ का आयोजन किया। इस यज्ञ में गणपति होम के साथ सुबह 6 से दोपहर 12 बजे तक पारंपरिक रूप से विधान किया गया। उसके बाद महा सुहत संपूर्णम यज्ञ हुआ। इस कड़ी में महा भद्र काली त्रिष्टूप्पू यज्ञ अनुष्ठान पूज्य राजीव रकुल के मार्गदर्शन में किया गया। रात में नृत्य से मां भगवती की आराधना की गई। गुरु विचित्रानंद स्वैन और रुद्राक्ष फाउंडेशन को प्रणाम करते हुए मंच पर कलाकारों ने महादेवी की महामाया को प्रदर्शित करने के लिए प्रसिद्ध ओडिसी नृत्य पेश किया।

- शदाणी दरबार में पांच दिवसीय यज्ञ का समापन

### महामंत्र क्रिया यज्ञ में विशेष

आचार्य ने बताया, महातंत्र क्रिया विशेष रूप से उन लोगों के लिए है जो इस योग्य हैं। देवी भद्रकाली असीम समृद्धि और आनंद प्रदान करती हैं। देवी हर स्थिति में अपने सच्चे अनुयायियों की रक्षा करती हैं। देवी भवकाली वीरभद्र को महाविष्णु के क्रोध से बचाती हैं। यह किसी इच्छित उद्देश्य के लिए किया गया सबसे शक्तिशाली अनुष्ठान है। यह मूल ऊर्जा को मजबूत बनाता है और उपासकों को सर्वोच्च कुल शक्ति प्रदान करता है। दुर्बल मंत्रवाद और सभी नकारात्मक ऊर्जाओं को दूर करने वाला है। देवी असुर, गंधर्व, राक्षस, किन्नर, प्रेत और पिशाच द्वारा किए गए किसी भी नुकसान से सदैव सुरक्षा प्रदान करती हैं।



### प्रकृति की सहायता से ही संतुलन

*महा यज्ञ के आखिरी दिन सीएम विष्णु देव की पत्नी श्रीमती कौशल्या साय, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के संघ प्रमुख डॉ.पूर्णेंदु सक्सेना, भापजा के कई नेता और संघ व विहिप से जुड़े लोग भी शामिल हुए। वहीं लोगों की जिज्ञासा शांत करते हुए आचार्य ने कहा कि महा त्रिकाल देवी पूजा सात्विक, राजसिक और तामसिक भाव के आह्वान के साथ महादेवी को त्रिगुणात्मिका के रूप में प्रतिष्ठित किया जाता है। पूजा से व्यक्ति के भीतर और संपूर्ण प्रकृति में मौजूद त्रिगणों में सामंजस्य स्थापित करने में सहायता मिलती है। प्रकृति की सहायता से संतुलन की स्थिति में महायज्ञ शुरू करने में यह संतुलन महत्वपूर्ण है।*

## ● नर्सरी में तैयार होने लगे बोनसाई और साइकस के पौधे, साल में एक बार आती हैं अडेनियम में पत्तियां

# नर्सरी में पहली बार मिलेंगे 25 हजार तक विदेशी पौधे ओडिशा-कोलकाता की बजाय शहर में हो रहे तैयार

> मानसून से पहले ही नर्सरी में हरियाली छाने लगी है। पौधों के शौकीनों के लिए शहर की नर्सरी में इस बार दुर्लभ किस्म के विदेशी पौधों को तैयार किया जा रहा है, जिसकी कीमत भी हजारों में है। आमतौर पर विदेशी पौधे कोलकाता से मंगाए जाते थे, लेकिन इस बार नर्सरी में विशेष खाद और उर्वरक के साथ तैयार किया जा रहा है। दूसरे राज्यों से मानसून के लिए नर्सरी में फिंगर फर्न, माउल्स, व्हाइट जामुन, ग्रास की किस्में विशेष रूप से मंगाई गई हैं।


**रायपुर।** इनमें विशेष किस्म वाले पौधे फिकस बोनसाई की डिमांड ज्यादा है। शौकीन ग्राहकों की भीड़ भी नर्सरी में होनी शुरू हो गई है। पौधों के शौकीनों का कहना है कि यह बरसात के समय में ज्यादा लगाए जाने वाले पौधों में एक है। यह आसानी से लग जाता है और हरियाली के सथ खुशबू भी बिखेरता है। हरिभूमि ने शहर के कई नर्सरी संचालकों से बातचीत की। प्रत्येक नर्सरी में 5 से 10 हजार तक देशी और विदेशी पौधे तैयार किया जा रहा है। ऐसे में 1 लाख से अधिक पौधे मानसून में हरियाली बिखेरेंगे। वन विभाग ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। फलदार पौधे वितरण करने के लिए तैयार किए जा रहे हैं।



### 14 प्रकार के फूलों के पौधे

बारिश में सबसे अधिक फूलों के पौधों की बिक्री होती है। वीआईपी रोड स्थित नर्सरी संचालक गौरव तिवारी ने बताया, बारिश के लिए 14 प्रकार के फूल तैयार किए जा रहे हैं, जिसमें लाल गुलाब, सफेद गुलाब, कॉसमोस, कॉक्सकॉम्ब मेरीगोल्ड, बालसम, मीराविलिस, पोर्चुलाका, एमेरेंथस, रूडबेकिया, सूरजमुखी, टियोनिया, टेरीनिया, जीनिया, गोम्फ्रेना शामिल है। नर्सरी में इनमें से प्रत्येक वैरायटी की 200 तक पौधे तैयार किए जा रहे हैं। इसकी कीमत पौधों की ऊंचाई के अनुसार होगी। छोटे पौधे 150 से 1 हजार तक मिलेंगे। इस बार पौधों के साथ खाद भी दिया जाएगा, ताकि विदेशी पौधों को बढ़ाने में मदद मिल सके। ज्यादातर विदेशी पौधे खाद और उर्वरक नहीं मिलने से खत्म हो जाते हैं।





### साइकस और आडेनियम सबसे महंगे पौधे

नर्सरी में इस बार भी सबसे महंगे पौधों की लिस्ट में बोनसाइज और अडेनियम पहले नंबर पर हैं। मठपारा स्थित नर्सरी के महेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि बोनसाइ पौधे 25 हजार तो वहीं अडेनियम 10000 तक मिलेंगे। इन विदेशी पौधों को मार्च से तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा साइकस के पौधे जिसे कोलकाता और ओडिशा से मंगाया जाता था, इसे नर्सरी में ही तैयार कर रहे हैं। साइकस का पौधा एक हजार से 10 हजार तक मिलेगी। इसकी खास बात यह है कि वर्ष में एक बार इसमें नई पत्तियां आती हैं। इसलिए इसका इसका बड़ा तना लोगों का ध्यान खींचता है। इन पौधों के लिए गोबर की खाद बनाई जा रही है। पौधे की कीमत उसकी उम्र के साथ बढ़ती है।

### समाजसेवी संस्थाओं के मिलने लगे ऑर्डर

बारिश में पौधारोपण करने समाजसेवी संस्थाओं ने पौधारोपण करने नर्सरी संचालकों को 100 से अधिक पौधे तैयार करने का ऑर्डर दिया है। वीआईपी रोड स्थित नर्सरी के संचालक मयंक कश्यप ने बताया, बरसात को लेकर घरों में गार्डनिंग व वृक्षारोपण करने के लिए अलग-अलग पौधे तैयार किए हैं। गुलमोहर, शीशम, नीम, शहतूत, जामुन, रात रानी के पौधे 2 हजार से अधिक तैयार किए जा रहे हैं। कुछ पौधों के बीज दूसरे राज्यों से मंगाए हैं। इस बार विदेशी पौधे 50 से 80 रुपए तक महंगे मिल सकते हैं, बाकी देसी पौधों की 50 से 100 रुपए के बीच कीमत रहेगी।

### अमरूद के पौधों की सर्वाधिक बिक्री

*गार्डनिंग करने के लिए बारिश का मौसम उपयुक्त होता है। ऐसे में लोगों ने अभी से घर में सब्जी व फल लगाने के लिए पौधे लेने शुरू कर दिए हैं। मठपारा स्थित नर्सरी के संचालक ने बताया, छायादार पौधों में नीम, पीपल, बरगद, अशोक, शीशम के अलावा फलदार पौधों में अमरूद, आम, केला, नींबू, जामुन, शहतूत, चीकू आदि के पौधों की मांग लगातार बढ़ रही है। इनके अलावा मौसमी सब्जियों, फूलदार पौधों में गुलाब, कमल, गेंदा, सूरजमुखी समेत अनेक किस्म के पौधों की मांग है। जून और जुलाई माह में फूलों के नए पौधे मिलेंगे। बीते दिनों बारिश के बाद लोग खरीदारी करने पहुंच रहे हैं।*

*बोरियाखुर्द गजराज बांध संरक्षण समिति से जुड़े ढाई सौ मेंबर्स संवार रहे सरोवर*

# गजराज बांध में श्रमदान, साफ-सफाई के साथ पेड़ों को बचाने पर्यावरण प्रेमियों का अभियान

**रायपुर।** बोरियाखुर्द स्थित गजराज बांध को बचाने के लिए ढाई सौ से ज्यादा पर्यावरण प्रेमियों ने संरक्षण के लिए समिति बनाई है। इससे जुड़े मेंबर्स समय-समय पर श्रमदान से इसे दोबारा संवारने की मुहिम विगत सात साल से चला रहे हैं। इसी तारतम्य में इस गर्मी में भी दो दिवसीय अभियान शुरू किया है। इसमें पहले दिन पर्यावरण प्रेमी परिवारों ने बांध की सफाई के लिए श्रमदान किया। पेड़ों को बचाने के लिए उनकी जड़ों में जेसीबी से मिट्टी भी डाल रहे हैं। अभियान में शुक्रवार को भी लोग श्रमदान देंगे। वैसे तो राजधानी के कई तालाबों का कायाकल्प करने के लिए निगम व स्मार्ट सिटी प्रबंधन द्वारा पहल की गई है, लेकिन आउटर इलाके में बोरियाखुर्द स्थित गजराज बांध के संरक्षण के लिए शासन-प्रशासन गंभीर नहीं है। इसे देखते हुए 230 एकड़ में फैले गजराज बांध को संरक्षित करने के लिए अभियान भी शुरु किया है।



समिति के अध्यक्ष पीके साहू व एनआर नायडू ने बताया कि सात साल पहले बस्ती के लोगों ने इसका उपयोग करना बंद कर दिया था। इससे आसपास का वॉटर लेवल डाउन होने से बोरवेल सुखने लगे थे। समय-समय पर श्रमदान से की गई सफाई से वर्तमान में स्थिति में सुधार हुआ है।

### सुबह 6 से 10 बजे तक श्रमदान

समिति के लोगों ने इस बार दो दिन के लिए जेसीबी लगाया है। इसकी मदद से तालाब की सफाई के साथ ही सुबह 6 से 10 बजे तक श्रमदान किया जा रहा है। यह मुहिम इसलिए चलाई जा रही ताकि करीब 100 साल पुराने 25 बरगद, पीपल और इमली व नीम के पेड़ों को बारिश के चलते होने वाले मिट्टी के कटाव से पेड़ों की जड़े मिट्टी विहिन होने से आंधी-तुफान की स्थिति में उखड़ने लगे हैं। अभी तक तीन पेड़ आपदा के शिकार हो चुके हैं। इससे बचाने के लिए तालाब की मिट्टी से जड़ों को पाटने व पानी देने कि जिम्मेदारी सभी पर्यावरण प्रेमी निभा रहे हैं।

### तालाब की सफाई डाल रहे पानी

*समिति मेंबर रवि ठाकुर, छितिपाल साहू, चंद्रहास निर्मलकर ने बताया कि सप्ताह में छुट्टी के दिन समिति के लोग सुबह बांध के पास एकजुट होते हैं। इसके बाद तालाब से गंदगी निकालने और विगत सात साल में रोपे गए 300 बरगद, पीपल और नीम के पौधे को पानी भी देते हैं। इसके लिए शासन-प्रशासन से कोई फंड और संसाधन नहीं मिलता है। समिति के लोग आपसी तालमेल से पैसे जमा करके गजराज बांध को बचाने के लिए श्रमदान भी करते हैं। बस्ती के लोगों ने अब इस तालाब का उपयोग करना शुरु किया है। चार साल पहले तक कोई इस तालाब में जाना भी पसंद नहीं करता था, इससे कब्जा हो रहा था।*

# वैदिक मंत्रों संग राजधानी के हजारों घरों में यज्ञ



रायपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के दिन देश के 24 लाख घरों एवं विदेश के अनेक घरों में एक साथ गायत्री परिजनों द्वारा यज्ञ किया गया। संकल्पों की पूर्ति के लिए सामूहिक स्तर पर यह प्रयास गायत्री परिवार द्वारा विगत 8 वर्षों से किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में यह कार्यक्रम 23 से 26 मई तक आयोजित किया गया है। इस दौरान प्रदेश के 2 लाख घरों, प्रतिष्ठानों, सामाजिक संस्थानों और मंदिरों में यज्ञ कराने का संकल्प लिया गया है। रायपुर जिले में 11 हजार से अधिक स्थानों पर यज्ञ संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी इस आयोजन में अपनी भागीदारी निभाते हुए मुख्यमंत्री निवास में यज्ञ संपन्न करवाया।

## थीम के साथ एंकर, म्यूजिशियन, सिंगर, मैजिक शो एवं गेम्स भी

# अब शादी ही नहीं, बच्चों के जन्मदिन में भी हो रही ग्रैंड एंट्री थीम बेस्ड सजावट पर लाखों खर्च करने तैयार माता-पिता

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** शादियों में तो लोगों की ग्रैंड एंट्री होती ही है, अब यह ट्रेंड बर्थडे पार्टियों में भी देखने को मिल रहा है। छोटे बच्चों के जन्मदिन पर इस तरह की भव्य एंट्री इवेंट कंपनियां प्लान कर रही हैं। पैरेंट्स भी इसके लिए लाखों खर्च करने को तैयार हैं। हालांकि यह ट्रेंड सिर्फ छोटे बच्चों की बर्थडे पार्टियों में ही देखने को मिल रहा है। इवेंट ऑर्गेनाइजर्स का कहना है कि शादी से लेकर बर्थडे पार्टी तक लोगों को डिफरेंट डेकोरेशन ही पसंद आता है। अपनी पसंद और बजट के अनुसार लोग डेकोरेशन कराते हैं। पार्टी के लोकेशन और इवेंट के मुताबिक विशेष थीम पर सजावट की जाती है, जिसके लिए लोग लाखों खर्च करने के लिए भी तैयार रहते हैं। सबसे अधिक खर्च ग्रैंड एंट्री के दौरान की जाती है, जो सभी के लिए खास होता है। जिसे तैयार करने में सबसे अधिक मेहनत लगती है। हाई प्रोफाइल सोसाइटी से लेकर मध्यम वर्ग के लोग अपने छोटे बच्चों का बर्थडे यादगार बनाना चाहते हैं। बीते कुछ सालों में ग्रैंड बर्थडे पार्टी का चलन तेजी से बढ़ता जा रहा है।



### गेम शो और फूड स्टॉल में भी कार्टून

इवेंट संचालक आयुष्मान बाजपेयी ने बताया, पार्टी में डेकोरेशन बजट के अनुसार तय किया जाता है। 10 हजार से शानदार एंट्री की शुरुआत होती है। वहीं थीम बेस्ड पार्टी के लिए 40 से 50 हजार का शुरुआती बजट होता है। छोटे बच्चों के लिए माता-पिता उनके फेवरेट कार्टून कैरेक्टर के अनुसार थीम सलेक्ट करते हैं। जिसके पश्चात कार्टून कैरेक्टर के साथ एंट्री, फूड स्टॉल में कार्टून शो में शामिल विभिन्न कैरेक्टर के पोस्टर्स व गेस्म रखे जाते हैं।



### टॉय कार का क्रेज

इवेंट संचालक आमिर खान ने बताया, बर्थडे में बैलून थीम ट्रेंड पर है। जिसमें लोग कार्टून कैरेक्टर के अनुसार बैलून लगवाते हैं। 6 साल से कम के बच्चे कार्टून कैरेक्टर की डिमांड करते हैं, वहीं 7 साल से अधिक के बच्चे कुछ यूनिक थीम पसंद करते हैं। बड़े बच्चों से अधिक छोटे बच्चों के बर्थडे पार्टी में डेकोरेशन कराया जाता है, जिसमें बच्चे सिंगल एंट्री करते हैं। ग्रैंड एंट्री के लिए अधिकतर वह टॉय कार की डिमांड करते हैं।


### कार्टून थीम पर टॉप पर

इवेंट संचालक राजीव कुमार ने बताया, पार्टी में कई प्रकार के डेकोरेशन कराए जाते हैं। लोग अपने और बच्चों की मनपसंद थीम पर पार्टी ऑर्गनाइज करते हैं। बर्थडे पार्टी में बैलून डेकोरेशन डिमांड में है, जिसकी शुरुआत लगभग 2 हजार से होती है। जिसमें डोरेमोन, मोटू-पतलू, छोटा भीम, टॉम एंड जेरी, डोरा, मिकी माउस, स्पाइडर मैन और बार्बी डॉल के थीम पर बच्चे डेकोरेशन करा रहे हैं। थीम में कार्टून कैरेक्टर के अनुसार बैलून, स्टेज डेकोरेशन, केक, एंट्री, फूड स्टॉल को सजाया जाता है। हाई प्रोफाइल सोसाइटी की पार्टियों में थीम के साथ एंकर, म्यूजिशियन, सिंगर, मैजिक शो एवं गेम्स भी शामिल होते हैं। कुछ माता-पिता अपने बच्चों की बर्थडे पार्टी में 10 से 25 लाख खर्च कर डेकोरेशन कराते हैं।



## रिजल्ट अपडेट

# रक्षा अकादमी और नौसेना के नामानुसार परिणाम हुए जारी




**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने 21 अप्रैल को आयोजित की गई राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौसेना अकादमी की परीक्षा में शामिल उम्मीदवारों को नामानुसार रिजल्ट की घोषणा कर दी है। नाम के अनुसार तैयार की गई पीडीएफ यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर जारी की गई है। कैंडिडेट्स इस पीडीएफ को ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। पीडीएफ में सफल उम्मीदवारों के नाम के साथ रोल नंबर भी दर्ज हैं। यूपीएससी एनडीए एवं एनए रिजल्ट में अपना नाम चेक करने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर जाएं। यहां दिए गए पीडीएफ लिंक पर क्लिक करना होगा। इसके बाद पीडीफ स्क्रीन पर खुलकर सामने आ जाएगा। इसके बाद कैंडिडेट इस लिस्ट में अपना नाम और रोल नंबर चेक कर सकते हैं। जिन अभर्थियों का नाम इस लिस्ट में दर्ज है वे भर्ती के अगले चरण के लिए क्वालिफाइड हैं। भर्ती के अगले चरण के लिए डेट्स की घोषणा जल्द ही कर दी जाएगी।

### 400 पदों पर होनी है भर्ती

इस भर्ती के माध्यम से एनटीए में 270 और एनए के तहत 30 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के अंतर्गत आर्मी में 208 पदों, नेवी में 42 पदों और एयर फोर्स में 120 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसके अलावा नौसेना अकादमी (एनए) के अंतर्गत 30 पदों पर नियुक्तियां होनी हैं। भर्ती से जुड़ी विस्तृत डिटेल के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

## एग्जाम अपडेट


# आर्किटेक्चर एप्टिट्यूड टेस्ट के लिए आवेदन 10 जून तक




**रायपुर।** आर्किटेक्चर एप्टिट्यूड टेस्ट या एएटी के लिए परीक्षा केंद्र की सूची और पंजीकरण तिथियां जारी कर दी गई है। जेईई एडवांस 2024 परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवार 9 जून सुबह 10 बजे से आधिकारिक वेबसाइट jeeadv.ac.in के माध्यम से पंजीकरण कर सकेंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जून शाम 5 बजे तक है। आर्किटेक्चर एप्टीट्यूड टेस्ट (एएटी 2024) आईआईटी रूड़की, आईआईटी खड़गपुर और आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी में आर्किटेक्चर पाठ्यक्रमों में स्नातक में प्रवेश के लिए आयोजित एक अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा है। परीक्षा 12 जून को पेन और पेपर मोड में आयोजित होने वाली है। परिणाम अस्थायी रूप से 14 जून को शाम 5 बजे घोषित किए जाएंगे। जेईई मेंस उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवार एएटी 2024 में उपस्थित होने के पात्र हैं। एएटी उत्तीर्ण करने के अलावा, कक्षा 12 (या समकक्ष) बोर्ड परीक्षा में प्रदर्शन का मानदंड बीआर्क कार्यक्रम में प्रवेश के लिए समान रहेगा। विस्तृत जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

## एजूकेशन अपडेट

# नेट के लिए आवेदन अब 27 तक मिला 6 दिनों का अतिरिक्त समय



**रायपुर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने सीएसआईआर-यूजीसी की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के जून 2024 सत्र में सम्मिलित होने के लिए आवेदन की आखिरी तारीखों बढ़ा दिया है। एजेंसी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, उम्मीदवार अब इस परीक्षा के लिए 27 मई रात 11.50 बजे तक पंजीकरण कर सकेंगे। इसी अवधि तक उम्मीदवारों को निर्धारित परीक्षा शुल्क भी भरना होगा। इसके बाद उम्मीदवार 29 से 31 मई तक अपने आवेदन में सुधार कर सकेंगे। एनटीए ने इसके लिए आवेदन प्रक्रिया 1 मई से शुरू की थी, जो कि मंगवलार 21 मई को समाप्त होने जा रही थी। हालांकि, एजेंसी ने आवेदन की तिथियों को एजेंसी 6 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। ऐसे में जिन उम्मीदवारों ने अभी तक अपना पंजीकरण नहीं किया है, वे एनटीए द्वारा इस परीक्षा के लिए लॉन्च किए गए विशेष पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### शोध कार्यों के लिए भी जरूरी है नेट

वेदन प्रक्रिया के अंतर्गत उम्मीदवारों को पहले पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा और फिर पंजीकृत विवरणों से लॉग-इन करके उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए अपना पंजीकरण कर सकेंगे। गौरतलब है कि यूजीसी द्वारा हाल ही में किए गए पीएचडी दाखिले के नियमों में संशोधन के बाद उम्मीदवारों को संबंधित विषयों में शोध कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए नेट उत्तीर्ण करना होगा। इससे पहले इस परीक्षा से सीएसआईआर के विषयों में जूनियर रिसर्च फेलोशिप जेआरएफ प्राप्त करने और असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती के लिए पात्रता प्राप्त करने के लिए ही इस परीक्षा में सम्मिलित होना होता था। ऐसे में उम्मीदवारों को अब आवेदन के दौरान अपनी संबंधित कैटेगरी का चुनाव करना होगा।

## बुद्ध जयंती पर धम्म पूजा व परित्राण पाठ, बौद्ध विहारों में दिनभर उत्सव का माहौल

# बुद्धं शरणं गच्छामि...



हर साल की तरह बुद्ध जयंती पर इस बार भी उत्सव सा माहौल बौद्ध विहारों में देखने मिला। गौतम बुद्ध व डॉ.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के सामने परित्राण पाठ, धम्म पूजा के साथ ही सामूहिक वंदना में भी लोग शामिल हुए। इसके बाद बौद्ध विहारों में फैंसी ड्रेस, रंगोली, केश सज्जा का दौर शुरू हुआ। छत्तीसगढ़ी, फिल्मी व मराठी गीतों पर युवाओं ने डांस पेश किया। उनके थिरकते पांव व आकर्षक मुद्रा में दी गई प्रस्तुति से मंच गुलजार रहा।

**रायपुर।** वैसाख पूर्णिमा तिथि यानी गुरुवार को शहर के 20 से ज्यादा प्रमुख बौद्ध विहारों में गौतम बुद्ध जयंती पर उत्सव का माहौल रहा। परिवार के साथ उत्सव में शामिल होने के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में शिरकत करते हुए लोगों को खुशनुमा माहौल भी मिला। गौतम बुद्ध के जीवन प्रसंगों पर चर्चा करते हुए समाज प्रमुखों ने बुद्ध के बताए रास्ते पर चलने की प्रेरणा युवाओं व बच्चों को दी। यह सिलसिला दिनभर चलता रहा। इस बीच अलग-अलग समय में आयोजित की गई प्रतियोगिता में विजेता चुने गए युवाओं को बौद्ध विहारों में पुरस्कृत भी किया गया। कलेक्टोरेट चौक स्थित आंबेडकर प्रतिमा के सामने भी उत्सव का माहौल देखने को मिला। इसमें सभी बौद्ध विहारों के प्रमुखों ने मंच साझा किया।



### बच्चों व युवाओं ने सजाई श्रृंखला

*भारतीय बौद्ध महासभा और समता सैनिक दल से जुड़े सभी बौद्ध विहारों में त्रिगुण पावन पूर्णिमा के अवसर पर पूजा-पाठ के साथ उत्सव मनाया। इस कड़ी में टिकरापारा बौद्ध विहार में दयानंद मेंढें, राजू भगत, राजू नायक, अरुण नगरारे की अगवाई में फैंसी ड्रेस में बच्चे गौतम बुद्ध के वेश में मंच पर पहुंचे। वहीं रंगोली, मेंहदी के बाद केश सज्जा का भी आयोजन किया गया। बाद में छत्तीसगढ़ी, फिल्मी व मराठी गीतों पर प्रतिभागियों ने नृत्य पेश किया। इसके लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला का लुत्फ उठाने के लिए लोग भी परिवार के साथ पहुंचे।*

### अन्य बौद्ध विहारों में भी रही रौनक

*भारतीय बौद्ध महासभा से जुड़े बीएस जागृत ने बताया, सभी बौद्ध विहारों में त्रिगुण पावन पूर्णिमा को धूमधाम से मनाया गया है। बिरगांव, भनपुरी, गुढ़ियारी, कोटा, अग्रोहा कॉलोनी, भीमनगर, लाखेनगर बौद्ध विहार में भी जयंती पर कई आयोजन किए गए। गौतम नगर, टिकरापारा , चंगोराभाटा , राजेंद्र नगर, राजातलाब बौद्ध विहारों में गौतम बुद्ध की जयंती पर रौनक रही। इन सभी बौद्ध विहारों में बच्चों व युवाओं द्वारा सांस्कृतिक श्रृंखला सजाई गई। साथ ही भगवान गौतम बुद्ध द्वारा दिए गए शांति और करुणा के संदेश को लेकर बौद्धिक चर्चा भी हुई।*



### सामुहिक वंदना में शामिल हुए लोग

देवेन्द्र नगर के बौद्ध विहार सुबह धम्म पूजा के बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं का दौर शुरू हुआ। बौद्ध विहार के अध्यक्ष एसआर फूलझेले और विजय गजघाटे की अगवाई में समाज के बच्चों व महिलाओं ने रंगोली, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में शिरकत करते हुए जयंती को उत्सव का रूप दिया। इस मौके पर उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा व पार्षद बंटी होरा भी शामिल हुए। जयंती के अवसर पर सामुहिक वंदना के साथ ही परित्राण पाठ किया गया। समाज के हर वर्ग ने आयोजन को मिलकर सफल बनाया।

### पूजा-पाठ के बाद खीर वितरण

बौद्ध महासभा एवं पर्लवाईन सोशल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्टोरेट चौक स्थित आंबेडकर प्रतिमा के सामने धार्मिक माहौल में पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद गौतम बुद्ध के जीवन प्रसंगों और उनके द्वारा दिए गए रास्ते पर चलने का संकल्प दोहराया गया। बेनाराम गायकवाड़ ने बताया, हर साल की तरह इस बार भी फाउंडेशन द्वारा लोगों को खीर व पानी का वितरण किया गया। बौद्धिक चर्चा में प्रबुद्धजनों ने गौतम बुद्ध के जन्म, बुद्धत्व की प्राप्ति और महापरिनिर्वाण से जुड़े प्रसंगों के बारे में आयोजन में शामिल लोगों को बताया गया।



# पूर्णमासी पर जगमग हुआ खारून तट



**रायपुर।** प्रत्येक पूर्णिमा पर होने वाली खारुन आरती गुरुवार को की गई। बुद्ध पूर्णिमा होने के कारण अन्य पूर्णमासी की तुलना में अधिक संख्या में भक्तगण पहुंचे रहे। महादेव घाट जनसेवा समिति एवं करणी सेना द्वारा यह महाआरती की गई। भजन सम्राट लल्लू महाराज ने अपनी स्वर लहरियों से आगंतुक श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। तत्पश्चात सभी ने एक स्वर में भारत की समस्त नदियों को स्वच्छ और सुरक्षित रखने की शपथ ली। आरती के पश्चात समस्त भक्तों को खीर प्रसादी का वितरण किया गया।



# छत्तीसगढ़ी सहित संस्कृत, मराठी उड़िया व बांग्ला में आनंदवाणी पाठ



**रायपुर।** वैशाखी पूर्णिमा के दिन आनंद मार्ग के प्रवर्तक श्री श्री आनंदमूर्ति का जन्म बिहार प्रांत के जमालपुर में हुआ था। गुरुवार को आनंद मार्ग प्रचारक संघ ने श्री श्री आनंदमूर्ति का 103 वां आविर्भाव दिवस मनाया। आनंद मार्ग जागृति बैरन बाजार में सैकड़ों आनंद मार्गी अपने परिवार के साथ इकट्ठा हुए। सुबह 6 बजकर 7 मिनट पर जयघोष और शंख ध्वनि के साथ जन्म दिवस के कार्यक्रम की शुरुवात हुई। आचार्य रामलाल दानी, होरीलाल ब्रोकर, अर्पितानंद अवधूत, महादेवानंद अवधूत, आनंद गीता, नीतिशुद्धा, सूचिलेखा, कृष्णमित्रा आचार्या सहित अन्य ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुरुआत की। इसके बाद हर्षोल्लास के साथ श्री श्री आनंदमूर्ति का जन्म दिवस मनाया गया।

### शिव-कृष्ण गीतिका आधारित प्रभात संगीत


इस अवसर पर आनंदमर्गियों के द्वारा सामूहिक ध्यान साधना की गई। पूरे विश्व के चर-अचर के कल्याण के लिए दिए गए आनंद वाणी का देश-विदेश की विभिन्न भाषाओं जैसे छत्तीसगढ़ी, हिंदी, संस्कृत, मराठी, उड़िया, बांग्ला, अंगिका, भोजपुरी, मगही, अंग्रेजी, पुर्तगाली इत्यादी में पाठ किया गया। श्री श्री आनंदमूर्तिजी द्वारा मानव समाज के लिए दिए गए आदर्श को आचार्य महादेवानंद ने बहुत सरल शब्दों में उपस्थित भक्तों को समझाया। आनंद रेणुका शिशु सदन, उमरिया और आनंद मार्ग उच्च विद्यालय, बैरन बाजार के बच्चों ने वृंदावन हॉल में भक्तिमय गीत का गायन और उन पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी। शिव-कृष्ण गीतिका पर आधारित प्रभात संगीत में प्रस्तुति दी गई। दोपहर 12 बजे से शाम 5 तक नारायण सेवा (भंडारे) का आयोजन किया गया, जिसमें 3000 लोगों को भोजन और और शरबत वितरण किया गया। संध्या धर्म चक्र (सामूहिक साधना) के उपरांत कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## गर्मियों में बदला शहर के पार्लर में हेयर मास्क और फेस पैक का ट्रेंड

# बाल व त्वचा को गर्मियों से राहत देने प्रयोग, इस बार हाइट्रेडिंग मास्क स्पा के अलावा नमी के लिए शुद्ध नारियल तेल से कर रहे मसाज

कार्नर न्यूज

तेज धूप से त्वचा और बालों को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए बड़ी संख्या में युवतियां और महिलाएं पार्लर पहुंच रही हैं। गर्म मौसम को देखते हुए तापमान के अनुसार कई तरह के फेशियल और हेयर स्पा मौजूद हैं। हर बार की तरह इसमें भी कई तरह के प्रयोग किए गए हैं। गर्मी के मौमस में अधिकतर महिलाएं धूप संबंधित शिकायत लेकर ही पहुंचती हैं। इसके अनुसार ही अधिकतर फेस पैक तैयार किए गए हैं।



**रायपुर।** बदलते मौसम के साथ मेकअप प्रोडक्ट में भी बदलाव होता है। महिलाएं अपने चेहरे पर सुंदरता बनाए रखने के लिए कई प्रकार के नुस्खे आजमाती हैं। मौसम के बदलते ही सैलून में भी मेकअप प्रोडक्ट बदल दिया जाता है। गर्मियों में ऑयली स्किन की समस्या के चलते विभिन्न फेशियल और बोटोक्स ट्रिटमेंट कराया जा रहा है। सैलून संचालकों के अनुसार, गर्मी के दिनों में शरीर में पानी की समस्या बनी रहती है, जिसके चलते हमारी त्वचा और बाल को नुकसान हो सकता है। इसके लिए शरीर को हाइड्रेटेड रखना जरुरी है।

### समर सीजन में हाइड्रेटिंग मास्क

ब्यूटिशियन अंकिता मिश्रा ने बताया, समर के दौरान शरीर में वॉटर लेवल कम होने के कारण दो मुंहे बाल की समस्या अधिक देखने को मिलती है। जिसे मशीन की सहायता से दूर किया जाता है। समर सीजन में केवल हेयर स्पा करना पर्याप्त नहीं होता। इससे कुछ दिनों तक ही बालों में चमक बनी रहती है। अच्छे हेयर स्पा के लिए पहले कोकोनट ऑयल से मसाज किया जाता है, जिसके बाद शैंपू किया जाता है। हेयर स्पा के बाद हाइड्रेटिंग मास्क लगाया जाता है। गर्मी के दिनों में स्किन केयर जरुरी है, जिसके लिए बीबी ग्लो फेशियल और स्कीन को ठंडक पहुंचाने वाली फेशियल क्रीम का इस्तेमाल भी किया जाता है।

### महिलाओं की पहली पसंद बोटोक्स



निजी सैलून संचालिका मीनाक्षी टुटेजा ने बताया, इस समर बोटोक्स की डिमांड सबसे अधिक है। जिसे लड़कियों के साथ महिलाएं भी कराना पसंद कर रही हैं। बोटोक्स से बालों में चमक आती है और बालों की रिपेयरिंग हो जाती है। इससे बाल हमेशा मैनेजेबल दिखता है। सैलून में इसकी कीमत 5 हजार से शुरु है, जो बालों की लंबाई के अनुसार बढ़ाती जाती है। बोटोक्स कराने के लिए रोजाना महिलाएं पहुंच रही हैं। समर सीजन के चलते ऑयली स्किन की समस्या बनी रहती है। इसके लिए हाइड्राफेशियल और कूलिंग मास्क का उपयोग किया जा रहा है।

## सिटी स्पोर्ट्स

# छत्तीसगढ़ का 37 सदस्यीय म्यू थाई दल असम रवाना



**रायपुर।** यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में ऑल असम एमेच्योर म्यू थाई एसोसिएशन द्वारा सीनियर, जूनियर, सब जूनियर (बालक - बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप व प्रो नाइट फाइट का आयोजन 25 से 30 मई तक लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन तेपेसिया, सोनापुर, गुवाहाटी (असम) में किया गया है। जिसमें भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ के 37 सदस्यीय म्यू थाई दल ट्रेन से रवाना हुआ। इस चैंपियनशिप में रायपुर जिले से सर्वाधिक 16 खिलाड़ी (8 बालिका और 8 बालक) भाग ले रहे हैं। जिसमें टिकेश्वरी साहू, पल्लवी साहू, रिया जंघेल, मंजू साहू, मानसी तांडी, दिव्या अग्रवाल, समिधा अग्रवाल, तोशी पाण्डेय, राजकुमार निर्मलकर, घृतेश साहू, जय कुमार, आर्यन पटेल, प्रवीण कुमार जायसवाल, सुभान्श मानिकपुरी, अर्चित केशरवानी और भवजोत सिंह शामिल हैं। उल्लेखनीय हैं कि कुल 30 म्यू थाई खिलाड़ी (17 बालक, 13 बालिकायें) छग म्यू थाई दल में स्थान बनाने में कामयाब रहे। ये सभी खिलाड़ी 8-9, 10-11, 12-13, 14-15, 16-17, 17-23 & +23 वर्ष के अलग-अलग वजन वर्ग में भाग लेंगे। बस्तर से 11 (7 बालक, 4 बालिका) खिलाड़ी छग दल में स्थान बनाने में कामयाब रहे। जिसमें विवान बाजपेयी, एलेक्स कुमार, वेदान्त श्रीवास, पुष्कल जैन, युवराज सिंह, शौर्य वर्धन जैन, आलोक कुमार गोयल, सुरभि यादव, अन्वी जैन, सानीका मिश्रा, सोनाली कुशवाहा हैं। वहीं, बालोद से 3 (2 बालक, 1 बालिका) खिलाड़ी कृष्णा मंडावी, शुभम कुमार निषाद और वाणी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। दल में राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू (बालोद) और महासचिव अनीस मेमन (रायपुर) आमसभा मे राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय निर्णायक के रूप में अमन यादव (रायपुर) होंगे। कोच मैनेजर का दायित्व प्रणिता मेश्राम (रायपुर), अब्दुल मोईन, पुष्पांजलि नाग और राजेन्द्र सिंह राजपूत (तीनों बस्तर) निभाएंगे।

आरक्षण मिलने के आधार पर अलग अलग जिलों के खिलाड़ी अलग अलग दल में अलग अलग ट्रेन आदि से गुवाहाटी रवाना हो रहे हैं बालोद दल गीतांजलि एक्सप्रेस से, रायपुर दल दुरन्तो एक्सप्रेस और हावड़ा मुंबई मेल से तथा बस्तर दल जगदलपुर से आज कलकत्ता हेतू रवाना हुआ जहाँ से अपनी कनेक्टिंग ट्रैन से गुवाहाटी रवाना होंगे।

# अच्छी मेंटल हेल्थ के लिए आदतों में शामिल करें ये काम, मूड बूस्ट करने के लिए हैं बेस्ट

मेंटल हेल्थ को सीरियस लेना बहुत जरूरी है। ज्यादातर लोग फिजिकल हेल्थ का तो पूरा



ख्याल रख लेते हैं लेकिन मेंटल हेल्थ को इग्नोर कर देते हैं। इसी वजह से लोग तनाव, एंग्जाइटी जैसी समस्याओं से जूझते हैं। अगर किसी व्यक्ति को तनाव की समस्या है तो लोगों को नींद न आने से लेकर पेट साफ न होना, मूड खराब रहने जैसी समस्या हो सकती है। यहां जानिए सुबह की कुछ ऐसी आदतें जिन्हें अपनाकर आप मेंटल हेल्थ को बेहतर रख सकते हैं और मूड भी बूस्ट होगा।

## कुछ देर की धूप है जरूरी

सूरज की रोशनी हैपी हार्मोन को बढ़ावा दे सकती है और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोगों के लिए ये काफी ज्यादा फायदेमंद हो सकती है। मेलाटोनिन के लेवल को कम करने के लिए कुछ देर की धूप जरूरी है, ऐसा करने से दिन भर मूड को अच्छा बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।

## ब्रीदिंग एक्सरसाइज करें

सुबह कुछ मिनट ब्रीदिंग एक्सरसाइज करने से व्यक्ति को अपने दिमाग पर ध्यान केंद्रित करने और चिंता और तनाव की फीलिंग को कम करने में मदद मिलती है। रोजाना ऐसा करने से व्यक्ति खुद को डिप्रेशन की समस्या से बचा सकता है।

## रोजाना संतुलित नाश्ता करें

हर सुबह संतुलित नाश्ता करने से आपके ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है और आपके शरीर को दिन भर के लिए एनर्जी मिल सकती है। नियंत्रित खाने से दिमाग भी शांत रहता है।

### शरीर में किसी भी विटामिन की कमी से दिखने लगते हैं अलग तरह के लक्षण

# बहुत ज्यादा थकान या चटकने लगें हड्डियां, तो समझ लें शरीर में हो गई है इन विटामिन की कमी

हेल्दी बॉडी के लिए शरीर में विटामिन की पर्याप्त मात्रा का होना जरूरी है। अगर विटामिन की पर्याप्त मात्रा नहीं होगी तो समस्याएं हो सकती हैं जैसे रात को पूरी नींद लेने के बाद भी थकान या नींद की कमी महसूस होती है। वहीं कुछ विटामिन की कमी होने पर हड्डियों में तकलीफ हो सकती है। शरीर में कुछ जरूरी विटामिन की कमी हो गई है तो आपके शरीर में अलग-अलग तरह के बदलाव दिखेंगे। इन बदलावों को समझकर आप विटामिन की पूर्ति कर सकते हैं और समस्याओं से भी खुद को बचाकर रख सकते हैं।



## विटामिन ए की कमी

विटामिन ए की कमी के शुरुआती लक्षणों में से एक रतौंधी है। अगर आपको रतौंधी है, तो आपको अंधेरे में ठीक से देखने में परेशानी हो सकती है। लेकिन पर्याप्त रोशनी होने पर आप सामान्य रूप से देख सकते हैं। रेटिनल विकार रतौंधी का कारण बनता है। लीवर की खराबी के कारण भी विटामिन ए की कमी हो जाती है।



## विटामिन बी 12 की कमी

विटामिन-बी12 शरीर के लिए काफी जरूरी है। अगर एक बार इसकी कमी हो जाए तो पूर्ति करने के लिए इंजेक्शन ही लगवाने पड़ते हैं। इस विटामिन की कमी होने पर थकान और नींद आने की समस्या हो सकती है। इस विटामिन की कमी होने पर कमजोर मांसपेशियां, चिड़चिड़ापन, धड़कने तेज होना जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं।

## विटामिन डी की कमी

रिपोर्ट्स की मानें तो विटामिन-डी की कमी से बहुत ज्यादा नींद आने की समस्या हो सकती है। इसके अलावा विटामिन-डी की कमी से हर समय कमजोरी, थकान और आलस महसूस होता है। कुछ रिपोर्ट्स का कहना है कि इसकी कमी की वजह से डिप्रेशन की समस्या भी

# शनि रहेंगे मेहरबान, 88 दिनों तक इन राशियों की चमकेगी किस्मत

शनि बेहद ही दिलचस्प ग्रह है। शनि को कर्म फलदाता और क्रूर ग्रह माना जाता है। वहीं, शनि खुश हों या अन्य शब्दों में, कुंडली में शनि की स्थिति अच्छी हो तो रंक भी राजा बन सकता है। शनि देव की बुरी नजर जीवन में कष्ट देती है और शुभ स्थिति खुशियां लाती है। वर्तमान में शनि कुंभ राशि में पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र के दूसरे पद में गोचर कर रहे हैं। दृक पंचांग के अनुसार, 12 मई को द्वितीय पद में शनि ने प्रवेश किया था, जो 17 अगस्त तक इसी पद में विराजमान रहेंगे। इसके बाद उलटी चाल चलते हुए 18 अगस्त को पूर्वभाद्रपद प्रथम पद में शनि प्रवेश करेंगे। ऐसे में शनि की चाल से 88 दिनों तक कुछ राशियों का जीवन सुखमय रहेगा साथ ही धन-लाभ भी होगा।



## मिथुन राशि

मिथुन राशि वालों के लिए शनि का नक्षत्र गोचर शुभ माना जा रहा है। घर-परिवार और पूर्वजों का आपको आशीर्वाद मिलेगा। शनि की कृपा से समाज में आपकी पद-प्रतिष्ठा में चार-चांद लग जाएंगे। व्यापारिक मुद्दों में आपको लाभ मिलेगा। रुपए-पैसों से जुड़ी दिक्कतें भी धीरे-धीरे दूर होने लगेंगी।

**वृश्चिक राशिः** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए शनि की बदलती चाल फायदेमंद मानी जा रही है। आपके सालों से रुके हुए काम अपनी रफ्तार पकड़ लेंगे। धन संपत्ति में वृद्धि होने की भी संभावना दिख रही है। मां की सेहत से जुड़ा कोई शुभ समाचार मिल सकता है। वहीं, कारोबारी के लिए दिन बेहद ही शुभ माना जा रहा है।

**कन्या राशि :** शनि के पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में विराजमान रहने से कन्या राशि के लोगों को फायदा होगा। कानूनी मामलों में आपको जीत हासिल हो सकती है। बिजनेस कर रहे लोगों को गुड न्यूज मिल सकती है। प्रॉपर्टी में किया गया कोई पुराना निवेश आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएगा। काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है। वहीं, अपनी सेहत का ध्यान रखें।

# आने वाले 21 दिन इन राशियों के लिए वरदान समान, गुरु बना देंगे धनवान

गुरु का नक्षत्र गोचर समय-समय पर होता है। गुरु वृषभ राशि में विराजमान हैं। आने वाले 21 दिनों तक गुरु कृत्तिका नक्षत्र में ही गोचर करेंगे। अप्रैल के महीने में गुरु ने कृत्तिका नक्षत्र में प्रवेश किया था। गुरु की चाल शुभ हो तो भाग्य का भरपूर साथ मिलता है और व्यक्ति सुख-समृद्धि भी पाता है। गुरु अगला नक्षत्र परिवर्तन 13 जून को रोहिणी नक्षत्र में करेंगे। आइए जानते हैं गुरु का नक्षत्र गोचर किन राशियों का भाग्य चमकाने वाला है।



**मेष राशि :** गुरु का नक्षत्र गोचर मेष राशि के जातकों को लाभ देगा। आपके रुके हुए काम फिर से बनने लगेंगे। करियर में प्रमोशन पाने के लिए कई जरूरी टास्क मिल सकते हैं, जिन्हें आपको बखूबी निभाना होगा। समृद्धि का आगमन होगा। काम के सिलसिले में विदेश की यात्रा के योग बन रहे हैं। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार भी मिलेगा। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा।

**वृश्चिक राशिः** वृश्चिक राशि वालों गुरु का नक्षत्र गोचर आपके लिए फायदेमंद माना जा रहा है। आपकी आर्थिक स्थिति में पहले से सुधार होगा। खर्च भी बढ़ सकते हैं। इसलिए अपने बजट का ध्यान रखें। इस दौरान नए कार्य की शुरुआत शुभ रहेगी। वैवाहिक जीवन भी मधुर रहेगा।

**धनु राशिः** धनु राशि वालों आपके लिए गुरु का नक्षत्र गोचर बेहद ही लाभदायक साबित हो सकता है। व्यापार क्षेत्र में आपको विदेशी डील प्राप्त हो सकती है। लाइफ पार्टनर के साथ चल रही मुश्किलें धीरे-धीरे समाप्त हो जाएंगी। गुरु के शुभ प्रभाव से आपकी आर्थिक स्थिति भी सुधर सकती है।



# घर में लगाएं ये पौधे खूबसूरती के साथ वातावरण को भी रखेंगे सही

इन दिनों गर्मियों का मौसम चल रहा है। गर्मियों के मौसम में पेड़ पौधों के आसपास रहने से वातावरण काफी ठंडा रहता है और आसपास ताजगी बनी रहती है इसलिए लोग गर्मियों में बगीचों में खूब टहलते हैं। गर्मियों में लोग खूब पेड़ पौधे भी घर में लगाते हैं। आज हम आपको ऐसे पौधों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें आप अपने कमरे में लगा सकते हैं। इनसे न सिर्फ आपके घर का वातावरण अच्छा होगा बल्कि आपके घर की खूबसूरती भी बढ़ जाएगी।

## एरिका पाम : वास्तु के हिसाब से भी लाभकारी

एरिका पाम ऐसा पौधा है जिसे आप घर के किसी भी कोने में रख सकते हैं, या फिर चाहे आप इसे लिविंग रूम में रख



दें। यह पौधा हर जगह के लिए उपयुक्त है। इसके साथ ही वास्तु के हिसाब से भी इस पौधे को घर के लिए बेहद लाभकारी माना गया है। इसकी पत्तियां पंख की तरह फैली हुई होती है जो दिखने में बहुत सुंदर लगती है। इस पौधे को बंबू पाम और बटरफ्लाई पाम भी कहा जाता है। इसे लगभग 2 से 3 महीने पर इसे एक बार धूप में रखना जरूरी होता है।

## पोथोस : बेडरूम में लगाना सही

गर्मियों के मौसम में घर में लगाने के लिए पोथोस भी एक बढ़िया पौधा माना जाता है। इसी करके ड्राइंग रूम या फिर खिड़कियों के आसपास लगाया जा सकता है। पोथोस की बेल काफी लंबी होती है। इसकी बेल को लकड़ी से बांधने की जरूरत होती है। यह प्लांट अपने आसपास के एरिया को पूरी तरह ताजगी से भर देता है। इस प्लांट को बेडरूम में लगाना सही रहता है।



## इंग्लिश आइवी : इंडोर ट्री में सबसे सुंदर पौधा

यह पौधा में इंडोर पौधों में काफी सुंदर पौधा माना जाता है। कांट छांट करने के बाद यह देखने में और भी खूबसूरत लगता है। पौधे की खासियत यह है कि इस पौधे की तने को काटकर अगर आप दूसरे गमले में लगा देंगे तो मात्र दो हफ्तों के समय में ही दूसरा पौधा भी तैयार हो जाता है। इस पौधे को रखने की सबसे बढ़िया जगह ड्राइंग रूम है वहां यह पौधा काफी अच्छा लगता है।

# महिलाओं को जरूर खाने चाहिए हलीम के बीज वेट लॉस से लेकर पीरियड्स के लिए हैं फायदेमंद

*गार्डन क्रेस सीड्स जिसे हिंदी में हलीम के बीज भी कहते हैं। ये बीज महिलाओं के लिए बेहद फायदेमंद होती है। सबसे खास बात कि इन बीज का स्वाद काफी चटपटा सा होता है। इसलिए विदेशों में इसे सलाद, सूप और स्मूदी वगैरह में इस्तेमाल किया जाता है। खासतौर पर महिलाओं को हलीम के बीज जरूर खाने चाहिए। इससे शरीर में हो रही खून की कमी से लेकर इररेगुलर पीरियड्स तक को नियमित किया जा सकता है। जानें कैसे करें गार्डन क्रेस सीड्स को डाइट में शामिल।*



## गार्डन क्रेस सीड्स या हलीब के बीज में न्यूट्रिशन

हलीम के बीजों में फाइबर की अच्छी खासी मात्रा होती है। 100 ग्राम हलीम के बीज में करीब 40.37 ग्राम फाइबर होता है तो वहीं प्रोटीन की मात्रा 22.4 होती है। पोटेशियम, फास्फोरस, नियासिन, फैट, कार्ब्स के साथ ही विटामिन ए का भी सोर्स है। वहीं आयरन की मात्रा 5 मिलीग्राम होती है। फिलोल और फ्लेवेनॉएड्स के मामले में भी गार्डन क्रेस सीड्स काफी रिच हैं।

## पीरियड्स को नियमित करता है

जिन महिलाओं को अनियमित पीरियड्स की समस्या रहती है उन्हें हलीम के बीजों से समस्या का समाधान मिल सकता है। इन सीड्स में फाइटोकेमिकल्स होते हैं जो एस्ट्रोजन हार्मोन का काम करते हैं और अनियमित पीरियड्स को नियमित करने में मदद करते हैं।

## वेट लॉस के लिए जबरदस्त

हलीम के बीजों में फैट और फाइबर की मात्रा अच्छी खासी होती है। इसलिए जब आप इन सीड्स को खाते हैं तो भूख कम लगती है और पेट देर तक भरा रहता है। साथ ही संतुष्टि का अनुभव भी रहता है। जिससे आप बार-बार लगने वाली भूख और खाने से बच जाते हैं। प्रोटीन की वजह से ये बॉडी मॉस इंडेक्स को भी मेंटेन करते हैं।

## इम्यूनिटी के लिए फायदेमंद

फ्लेवेनॉएड्स, एंटीऑक्सीडेंट्स, फोलिक एसिड, विटामिन ए, सी और ई की मदद से बॉडी को इम्यूनिटी बूस्ट करने में मदद मिलती है। जिसकी वजह से इंसान बार-बार बीमार पड़ने से बच जाता है। वहीं ये इम्यूनिटी बीमार होने पर जल्दी रिकवरी में भी मदद करती है।

## एनीमिया का दुश्मन

अगर किसी के शरीर में खून की कमी है या एनीमिया रहता है तो उसे गार्डन क्रेस सीड्स को जरूर खिलाना चाहिए। इससे शरीर में हीमोग्लोबिन का लेवल मेंटेन रहता है इसके लिए साथ में विटामिन सी से भरपूर फूड्स खाने की सलाह दी जाती है जिससे कि आयरन शरीर में आसानी से अब्जॉर्ब हो सके। तभी तो महिलाओं के अंदर होने वाली खून की कमी को दूर करने के लिए इसे खाने की सलाह दी जाती है।



## फिल्म इवेंट

### बॉलीवुड

## शूटिंग के लिए फिर जन्नत बना कश्मीर, पहुंच रहे फिल्म प्रोड्यूसर



जम्मू। फिल्मी पर्दे पर कश्मीर का सौंदर्य फिर निखर रहा है। पिछले दो साल के दौरान बॉलीवुड की 200 फिल्मों, वेब सीरीज और एल्बम की शूटिंग को यहां मंजूरी प्रदान की गई। ये पिछले 34 साल का रिकॉर्ड आंकड़ा है। कश्मीर 90 के दशक की शुरुआत से आतंकवाद की गरमी से झुलसने लगा था। अब सुरक्षा की दृष्टि से हालात काफी हद तक बेहतर हो गए हैं। बॉलीवुड, टॉलीवुड सहित साऊथ के फिल्मकार भी यहां पर शूटिंग कर रहे हैं। बता दें कि जम्मू-कश्मीर फिल्म विकास परिषद का गठन 2021 में हुआ था। फिल्म शूटिंग की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था है। अब तक लगभग एक हजार से ज्यादा कलाकारों का जेकेएफडीसी में रजिस्ट्रेशन है। इससे स्थानीय कलाकारों को काम मिलने में आसानी होती है। एक स्थानीय फिल्मकार जहूर अहमद का कहना है कि कलाकारों के साथ-साथ फिल्म प्रोडक्शन से जुड़े लाइन प्रोड्यूसरों, टेक्नीशियनों और कैमरापर्सन को भी पर्याप्त काम मिल रहा है। जम्मू-कश्मीर में फिल्मों की 90% शूटिंग कश्मीर में होती है। फिल्मकार अब कश्मीर के गुलमर्ग, पहलगाम, डल लेक जैसे परंपरागत स्थलों के अलावा नए डेस्टिनेशन जैसे बांदीपोरा के गुरेज और वूलर, दूधपथरी और योशमर्ग में शूटिंग कर रहे हैं।

### टॉलीवुड

## प्रभास ने शादी की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी, कहा- 'मैं अपनी फीमेल फैंस को...'



**मुंबई।** प्रभास इन दिनों अपनी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर लोगों के बीच जबरदस्त बज देखने को भी मिल रहा है। वहीं हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान एक्टर ने अपनी शादी की खबरों पर खुलकर बात की और मजेदार खुलासा किया। प्रभास का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सुर्खियों में आ गया, जिसके बाद लोग उनकी शादी के बारे में अटकलें लग रहे हैं। अभिनेता प्रभास ने हाल ही में एक इवेंट में अपनी शादी के बारे में बात की। उन्होंने कहा- 'मैं जल्दी शादी नहीं कर सकता हूं क्योंकि मैं अपनी फीमेल फैंस की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाना चाहता।' बता दें कि 'सालार' अभिनेता ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म के टीजर से पहले एक पोस्ट भी शेयर किया था, जिसके बाद लोगों को लगा की वह शादी करने वाले हैं। प्रभास की बातों से इतना तो साफ होता है कि फिलहाल वह शादी के बंधन में बंधने को तैयार नहीं हैं और सिर्फ अपने फिल्मों पर फोकस करना चाहता है। प्रभास 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण के साथ नजर आए। फिल्म में लीड एक्टर प्रभास ने 'भैरव' का रोल निभाया।

### भोजपुरी

## गले में मगंलसूत्र व मांग में सिंदूर, रानी चटर्जी की माधुरी दीक्षित से तुलना



**मुंबई।** भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी भोजपुरी इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं साथ ही वो सोशल मीडिया क्वीन भी कहलाती हैं। कुछ दिनों से रानी की जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, उसमें वो अपने ग्लैमरस लुक से नहीं बल्कि अपने देसी लुक से लोगों का दिल जीतती हुई नजर आ रही हैं। रानी ने अपने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीरें शेयर की हैं, इसमें वह ऑफ व्हाइट कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। वहीं इस लुक में रानी गले में मगंलसूत्र और मांग में सिंदूर लगाए सुहागन लुक में बेहद ही खूबसूरत दिख रही हैं। एक्ट्रेस का ये लुक उनके फैंस को खूब पसंद आ रहा है। फैंस रानी चटर्जी की फोटोज पर लोग दिल खोलकर प्यार बरसा रहे हैं। वहीं कई लोग रानी के पोस्ट पर कमेंट भी कर उनके इस लुक की तुलना बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित से कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, 'रानी चटर्जी तो बिल्कुल माधुरी दीक्षित जैसी लग रही है। बता दें कि रानी चटर्जी ने साल 2004 में 'ससुरा बड़ा पइसा वाला' नाम की भोजपुरी फिल्म से अपना एक्टिंग करियर स्टार्ट किया था। इस फिल्म में मनोज तिवारी ने लीड रोल प्ले किया था। इस मूवी से रानी रातों रात हिट हो गई थीं और फिल्म ने उस वक्त बॉक्स ऑफिस पर बड़ा रिकॉर्ड बनाया था। वहीं इस फिल्म के बाद रानी का नाम भोजपुरी की टॉप एक्ट्रेस की लिस्ट में शुमार हो गया। वहीं फैंस उन्हें भोजपुरी की माधुरी दीक्षित भी कहते हैं।

## लाइफ स्टाइल

### ऐश्वर्या ने पहनी थ्रीडी गाउन, जमकर हो रही तारीफ

मेगालोपोलिस के प्रीमियर के लिए ऐश्वर्या राय बच्चन ने ड्रामाटिक फ्लोर-स्वीपिंग गाउन पहनर रेड कार्पेट पर एंट्री मारी। वह इस गाउन में इतनी खूबसूरत दिखाई दीं कि हर किसी की नजर बस उन्हीं पर टिकी रह गई। ऐश्वर्या की उपस्थिति ने निस्संदेह रूप से फैशन की दुनिया में तहलका मचा दिया है। इस साल के लुक के लिए ऐश ने काले और सफेद रंग के गाउन में एंट्री की, जिसमें कई तरह के एलिमेंट्स का इस्तेमाल कर इसे एक शानदार थ्रीडी लुक दिया गया। जिसे देख फैंस उनकी प्रशंसा करने से नहीं थक रहे हैं। ऐश की ड्रेस मशहूर इंडियन डिजाइनर फाल्गुनी शेन पीकॉक ने तैयार किया है, जिसमें वह सीधे आसमान से उतरी हुई किसी परी जैसी लग रही हैं।



## गोरे-गोरे मुखड़े पर काला-काला चश्मा तो ठीक, पर लगाएं कैसा? जानें चश्मा चुनने का सही तरीका

चश्मा केवल फैशन के लिए ही नहीं बल्कि जरूरत के भी पहनने की सलाह दी जाती है। अगर फेस शेप के मुताबिक सही धूप के चश्मे को न चुना जाए, तो आपका लुक खराब होने के साथ ही आंखों की देखभाल भी नहीं हो पाती। गर्मी का मौसम इन दिनों शबाब पर है। ऐसे में तेज धूप से बचने के लिए लोग सनग्लास का पहनते हैं। समय के साथ-साथ यह एक फैशन स्टेटमेंट के तौर पर बनकर उभरा है। कई लोग मार्केट में कोई भी गहरे रंग का सनग्लास खरीद लेते हैं लेकिन ऐसा करने से बचना चाहिए। अपनी आंखों की सुरक्षा के लिए अच्छा सनग्लास लें।

**अलग-अलग चेहरे के हिसाब से चुनना चाहिए सनग्लासेज:** चौकोर चेहरे वाले लोगों को कैट-आई वाले फ्रेम, ओवल फ्रेम और राउंड फ्रेम वाले चश्मे को चुनना चाहिए। यह आपकी लुक को निखारने में मदद करेगा। हार्ट शेप वाले चेहरे के लिए क्लबमास्टर फ्रेम, राउंड फ्रेम और कैट-आई फ्रेम चुनना चाहिए। दिल के आकार के चेहरों के लिए धूप के चश्मे में कैट-आई फ्रेम शामिल हो सकते हैं, जो रेट्रो टच देते हैं और खूबसूरती को निखारते हैं।



ओ-ब्लॉन्ग शेप वाले चेहरे के लिए रैपअराउंड स्टाइल वाले चश्मे बेहतरीन लग सकते हैं। इसके अलावा बटरफ्लाई शेप वाले फ्रेम्स भी एक बेहतर विकल्प है।

गोल चेहरे के लिए ब्राउनलाइन फ्रेम, ज्योमेट्रिक फ्रेम, स्क्वायर फ्रेम वाले चश्मे बेहतर विकल्प हैं। चेहरे की मासूमित को बैलेंस करने के लिए गोल चेहरे वाले लोग इन अलग-अलग शेप वाले सन ग्लासेज को चुनें।

छोटे चेहरे वाली महिलाओं के लिए रेक्टैंगुलर फ्रेम, गोल फ्रेम और ओवरसाइज्ड फ्रेम के सनग्लासेज बढ़िया विकल्प हो सकते हैं। छोटे चेहरे वाली महिलाओं को ऐसे फैशन ऑप्शन्स अपनाने चाहिए जो उनके फेस को निखारें।

अंडाकार यानी ओवल शेप वाले चेहरे के लिए वेफेरर, एविएटर्स और कैट-आई वाले फ्रेम्स सूट करते हैं। इस तरह के चश्मे को पहनने से फेस शेप का बैलेंस बनाए रखने और स्टाइलिश दिखने में मदद मिलती है।

## फिर ट्रेंड में छाया 90 के दशक का फैशन, धीरे-धीरे युवाओं के बीच हो रहा काफी पॉपुलर

फैशन





बेल बॉटम से लेकर कोर्सेट टॉप तक कई ऐसे फैशनेबल आउटफिट्स हैं, जो पहले भी तहलका मचा चुके हैं और अब एक बार फिर ये वापस फैशन में शुमार हो रहे हैं। हमने नाओमी कैंपबेल, जेनिफर लोपेज, शालोम हार्लो और अन्य मशहूर हस्तियों को रेड कार्पेट पर अपने नए लुक के साथ आते देखा है। इन हसीनाओं ने अपने शानदार आउटफिट्स से फैशन वर्ल्ड में तहलका मचा दिया है, जो फैशन स्टेटमेंट बन गए। बेल बॉटम से लेकर ग्लैमरस स्लिप ड्रेस तक, 90 के दशक के कई ऐसे फैशन ट्रेंड्स हैं, जो अब बाजार में एक बार फिर वापसी करते नजर आ रहे हैं।

**वेस्टकोट्स:** फॉर्मल वेस्टकोट, वुमन फैशन में एक अतीत की बात थी, पहले सफेद फूले हुए आस्तीन वाले ब्लाउज के ऊपर पहने जाते थे और यूके और यूएसए में यह काफी लोकप्रिय थे। अभी भी पुरुषों के बीच काफी पॉपुलर हैं, लेकिन अब एक बार फिर महिलाओं के बीच इसका फैशन शुरू होता देखा जा रहा है। अंडरशर्ट के इन वेस्टकोट को फिर से लोकप्रिय बना रहा है और कॉर्पोरेट वर्ल्ड में इसे काफी पसंद किया जा रहा है क्योंकि यह बॉसी और क्लासिक दोनों लुक देते हैं।

### स्लिप ड्रेस

नाओमी कैंपबेल ने ग्लैमरस और आरामदायक स्लिप ड्रेस को रनवे पर पहनकर इसे लोकप्रिय बनाया, जिसे वेस्टर्न कल्चर में खूब पसंद किया जाता है। धीरे-धीरे दुनिया भर में लोगों ने इन फ्लोर-लेंथ स्लिप ड्रेसेस को पहनना शुरू कर दिया, जो आकर्षक और क्लासिक दिखती हैं। अब, ये स्लिप ड्रेस फिर से चलन में हैं और मशहूर हस्तियां और फैशन इंफ्लूएंसर्स रेड कार्पेट पर स्लिप ड्रेस के साथ अपना ए-गेम फैशन सेंस ला रहे हैं।

### बेल बॉटम जींस

बेल बॉटम जींस और पैंट 90 के दशक की सबसे लोकप्रिय चीजों में से एक है। हॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड तक एक्ट्रेसेज क्रॉप टॉप या शर्ट के साथ फ्लेयर्ड बॉटम जींस के साथ इस टाइट फिटेड जींस को पहने हुए देखी जाती हैं, जो एक क्लासिक विंटेज टच देता है। अब, ये बेल बॉटम या बॉटम फ्लेयर्ड जींस फिर से चलन में हैं और लोग इन्हें हील्स, काउबॉय बूट्स और यहां तक कि जूतों के साथ पहनते हैं।

## कुछ गलतियों की वजह से ही उम्र से पहले आ जाती हैं चेहरे पर झुर्रियां

उम्र बढ़ने के साथ चेहरे पर बुढ़ापा नजर आना बिल्कुल साधारण सी बात है लेकिन उम्र से पहले ही अगर आपके चेहरे पर बुढ़ापा दिख रहा तो इसका कारण आपके जीन्स नहीं बल्कि गलत आदतें हो सकती हैं।



चेहरे पर अगर झुर्रियां दिख रही और स्किन ढीली सी हो गई तो फौरन इन आदतों को बदल दें, जो आपके स्किन के ढीलेपन के लिए जिम्मेदार हैं। धूप की हानिकारक किरणें अक्सर स्किन को डैमेज कर देती हैं। उम्र से पहले ही अगर चेहरे पर झुर्रियां दिख रही हैं तो इसका एक कारण ठीक तरीके से ना लगा सनस्क्रीन भी हो सकता है। सनस्क्रीन यूवी रेज से बचाता है और कोलेजन को टूटने से रोकता है जो कि स्किन की इलास्टिसिटी को बचाने के लिए जरूरी है। साथ ही ये याद रखें कि अगर आउटडोर हैं तो हर दो से तीन घंटे पर सनस्क्रीन को फिर से अप्लाई करना ना भूलें। जिससे कि सनस्क्रीन का इफेक्ट बना रहे।

### पानी की कमी

अगर आप अभी भी पानी पीने के मामले में लापरवाही करते हैं तो ये ना केवल आपकी हेल्थ के लिए नुकसानदेह है बल्कि इससे चेहरे पर झुर्रियां भी समय से पहले दिखने लगेंगी। स्किन में मॉइश्चर की कमी इलास्टिसिटी को खत्म करने लगती है जिसकी वजह से स्किन में खिंचाव खत्म हो जाता है और ढीलापन बढ़ने लगता है। जरूरी है कि स्किन को अंदर से हाइड्रेट किया जाए और लिक्विड फूड्स को ज्यादा से ज्यादा डाइट में लिया जाए।

### स्मोकिंग

स्मोकिंग केवल हेल्थ को ही नुकसान नहीं पहुंचाती बल्कि इसकी वजह से एजिंग इफेक्ट भी बढ़ता जाता है और उम्र से पहले ही इंसान की स्किन बूढ़ी दिखने लगती है। तंबाकू कोलेजन को डैमेज होने और इलास्टिन फाइबर्स को डैमेज करता है। जिसकी वजह से प्रीमेच्योर स्किन रिंकल्स दिखने लगते हैं।

## अब मोजे पहनकर करें मौजा-मौजा, ट्रेंड में आया नया फैशन

सोशल मीडिया पर एक नया फैशन ट्रेंड खूब दिख रहा है जहां लोग अपने खास और आकर्षक मोजे पहनकर फैशन की नई मिसाल पेश कर रहे हैं। अब मोजे सिर्फ पैर गर्म रखने के लिए नहीं होते बल्कि ये आपके कपड़ों का एक ज़रूरी हिस्सा बन चुके हैं। चाहे घुटने तक के मोजे हों या रंग-बिरंगे प्रिंट वाले मोजे, हर कोई इन्हें अपने अंदाज में पहन रहा है। आईए जानते हैं कि आप कैसे इस नए ट्रेंड का हिस्सा बन सकते हैं और अपने पहनावे को एक लुक दे सकते हैं।

**हैली बीबर का फैशन के फ्लो :** हैली बीबर जैसी मशहूर हस्तियों से सीखें, जो अपने फैशन सेंस के लिए फेमस हैं। वे खेल से प्रेरित या स्टाइलिश ड्रेस के साथ अलग-अलग तरह के मोजे पहनती हैं, जो उनके पहनावे को खास बनाते हैं। इससे उनका लुक और भी आकर्षक और नया लगता है। आप अपने पहनावे को साधारण रख सकते हैं या फिर अलग-अलग रंगों के साथ मिला-जुला सकते हैं। साथ ही, अलग प्रिंट्स के मोज़े ट्राई करके देखें, यह आपके लुक को और भी दिलचस्प बना देगा। **पुरुष जानें कैसे चुने मोजें:** पुरूषों के लिए जानें आज -कल किस तरह के फैंस वाले मोजे चले हैं। ओपन-टो सैंडल्स, फ्लिप-फ्लॉप्स या स्लाइडर्स के साथ मोजे पहनना एक अच्छा ऑप्शन है। इसे शॉर्ट्स, लिनन पैंट्स या स्लिम-फिट ट्राउजर्स के साथ जोड़कर आप अपने लुक को और भी शानदार बना सकते हैं।



**आरामदायक लेकिन स्टाइलिश:** यदि आप ज्यादा प्रयोग नहीं करना चाहते और आरामदायक लुक पसंद करते हैं, तो तापसी पन्नू की तरह साधारण रंग के मोजे चुनें और उन्हें सादी जीन्स और स्नीकर्स के साथ मैच करें।

**फैशन के शौकीन के लिए:** सारा जेसिका पार्कर की तरह यदि आप फैशन को अपना बीच नाम मानते हैं, तो घुटने तक के मोजें चुनें और उन्हें ब्लॉक हील्स और कम सामान के साथ पहनें।

कार्नर न्यूज

## समर फ्रेंडली ज्वैलरी, जो हर आउटफिट के साथ करेंगे मैच

# गर्मियों में फ्रेश और स्टाइलिश दिखने के लिए कैरी करें इस तरह की ज्वैलरी

*गर्मी का मौसम हमें आजाद और खुलकर रहने के लिए प्रेरित करता है चाहे वह कपड़े हों या फिर स्टाइलिश दिखने ज्वेलरी। यह सबसे अंडररेटेड चीज है, जिस पर हम सभी बेहद कम खर्च करना चाहते हैं। वजह है बदलते फैशन के साथ हर बार कपड़ों से मैचिंग ज्वेलरी कैसे खरीदा जाए। इसलिए आप परेशान न हों क्योंकि हम आपको कुछ ऐसे ज्वैलरी आइडियाज देने जा रहे हैं, जिसे अपने वॉर्डरोब में शामिल करके आप अलग-अलग कपड़ों के साथ स्टाइल कर सकती हैं। तो आइये जानते हैं उन एक्सेसरीज के बारे में, जिसे आपको इस समर सीजन में अपने साथ जरूर कैरी करना चाहिए। आप इन टिप्स को फॉलो करके खुद के लिए बजटफ्रेंडली ज्वैलरी कलेक्शन तैयार कर सकते हैं।*



### गहरे रंग के आभूषण

अपने आभूषणों को चुनते समय वाइब्रेंट कलर्स को शामिल करें, इससे आपके पहनावे में एक आकर्षण जुड़ सकता है। चमकीले रंग के स्टोन वाले पीसेज या आकर्षक रंगों वाले ज्वैलरीज। चाहे वह आकर्षक रत्नों से सजी अंगूठी हो या बोल्ड कलर पैलेट से सजा एक मोटा हार, वाइब्रेंट कलर्स को अपनाना निश्चित रूप से आपके समर लुक को बेहतर बनाएगा।

### कलरफुल ज्वैलरी

समर सीजन में प्रकृति से प्रेरित तत्वों के साथ बढ़िया गहनों को शामिल करना आपकी समर वॉर्डरोब को पूरा करने का सही तरीका है। फ्लोरल या फिर पत्तेदार पैटर्न से सजे हुए ज्वैलरीज की तलाश करें। चाहे वह नाजुक फूलों की बूंदों वाली बालियां हो या घुमावदार लताओं से प्रेरित कंगन हो, अपने गहनों से मौसम की वनस्पतियों की सुंदरता को प्रतिबिंबित करें।



### रोजमर्रा की स्टाइल

हर दिन अपने लुक में सोफेस्टिकेशन जोड़ने के लिए ऐसे गहनों को चुनें, जो आपके रोजाना के वॉर्डरोब में आराम से घुलमिल जाएं। जैसे ब्राइट एक्सेसरीज को चुनें। इसमें गोल्डन और सिल्वर कलर को प्रायोरिटी दें, क्योंकि यह आपके हर तरह के आउटफिट के साथ आसानी से मेल खा सकते हैं। चाहे वह सुंदर हार हो या खूबसूरत स्टड पेयर, रोजमर्रा के आभूषणों में निवेश करना समझदारी भरा कदम है।

### सेलेस्टियल यानी आकाशीय एलिमेंट

सूर्य और चंद्रमा से इंस्पायर्ड एक्सेसरीज को चुनें, जिसे आकाश से प्रेरित चीजें बनी हों। स्टार बने हुए ब्रेसलेट्स या फिर सूरज या चंद्रमा लगा पेंडेंट सेट। गर्मियों के तारों से जगमगाते आसमान का मनमोहक आकर्षण पैदा करते हैं। इसके अलावा आप स्टार वाले ईयरिंग्स को भी चुन सकती हैं।